चैत्र शुक्ल पक्ष- 5, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 297 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

13 अप्रैल 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

36 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page- 7

### मप्र समेत देशभर में चुनावी सरगर्मी के बीच जारी हुआ वीडियो...

# छिंदवाड़ा समेत देश के गेमर्स से मुखातिब मोदी, मिला नया नाम

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के टॉप गेमर्स से बात की। खास बात यह है कि इन गेमर्स में मप्र के छिंदवाडा की पायल धारे नामक युवती भी शामिल थीं, पायल के यूट्यूब पर करीब 37 लाख सब्सक्राइबर्स है। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई है। वे देश की एकमात्र महिला ऑनलाइन गेमर हैं। बताया जाता है कि वे छिंदवाडा के गांव उमरानाला की रहने वाली है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के भिलाई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई है तथा 2019 में गेमिंग की दुनिया में कदम रखा था और इसमें पायल अब काफी सफल भी हो चुकी हैं।

दरअसल, प्रधानमंत्री और गेमिंग कम्युनिटी के चर्चित लोगों की मुलाकात का पूरा वीडियो आज रिलीज कर दिया गया, बीती 11 अप्रैल को इस मुलाकात का एक टीजर रिलीज किया गया था। वीडियो में प्रधानमंत्री ने गेमिंग इंडस्ट्री के इन्फ्लुएंसर्स और ई-स्पोर्ट्स एथलीट्स से इंडस्ट्री के बारे में चर्चा की है। उन्होंने कहा कि गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलराइज करने की जरूरत नहीं है, इंडस्ट्री को आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। मोदी और गेमर्स के बीच रोचक संवाद हुआ। मोदी ने अनिमेष अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायल धारे, नमन माथुर और अंशू बिष्ट के साथ बात की और इनकी सक्सेस स्टोरी को जाना। इस दौरान गेमर्स ने पीएम मोदी को नमो-OP नाम दिया। OP का मतलब Over Powered .





### मोदी ने खेला गेम

चर्चा के दौरान गेमर्स ने बताया कि उनका अपना एक गेमिंग कोड नेम होता है। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें देश के लोगों ने पहले से ही एक नाम देख रहा है, जो नमो है। इस नाम के साथ ही उन्होंने कुछ मोबाइल गेम्स भी ट्राई किए। उन्होंने मौजूद सभी लोगों ने अपनी परेशानियों को ईमेल करने के लिए भी कहा। जब गेमर्स ने बताया कि वे गेमिंग के दौरान कुछ शॉर्ट कोड्स का इस्तेमाल करते हैं, तो प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा वो भी करते हैं. उन्होंने P2G2 यानि प्रो पीपुल गुड गवर्नेंस के बारे में बताया।

### टॉप गेमिंग कंटेंट क्रिएटर्स से कॅरियर पर बात

गेमर्स से चर्चा में इसे एक प्रोफेशन के तौर पर देखे जाने की संभावना पर चर्चा हुई। गेमर्स और कंटेंट क्रिएटर्स ने साफ किया कि इस इंडस्ट्री में दो तरह से करियर बना सकते हैं। चाहें तो एक प्रोफेशनल ई-स्पोर्ट्स एथलीट बन सकते हैं या फिर गेमिंग कंटेंट क्रिएटय। मोदी ने इसे लेकर समाज में किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इस पर भी चर्चा की।

### सीएम यादव शहडोल में

वहीं मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज शहडोल,रीवा और सतना चुनाव क्षेत्र के दौरे पर निकले हैं। इनमें शडडोल में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जबकि रीवा सतना सीट पर 26 अप्रैल को मतदान है।





### बस्तर में राहुल-राजनाथ आमने-सामने

इधर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व भाजपा ने व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की आज बस्तर में ही चुनावी सभा है। राहुल दोपहर विशेष विमान से जगदलपुर हवाई अड्डे पहुंचे हैं। यहां से हेलीकाप्टर से बस्तर पहुंच रहे हैं। जहां कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के लिये सभा करेंगे। वहीं राजनाथ सिंह दिल्ली से सुबह रवाना होकर जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी विमानतल पहुंचें। वे बस्तर में भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए बरपुर रोड गीदम दंतेवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।

## केजरीवाल की पत्नी को मिलने से रोका, खिड़की से मुलाकात कराई

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने तिहाड़ जेल प्रशासन पर भाजपा के दबाव में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया है। उन्होंने आज कहा कि सुनीता केजरीवाल को तिहाड़ जेल में पति के साथ आमने-सामने की मुलाकात नहीं करने दी गई। अधिकारियों ने उन्हें खिड़की के जरिए केजरीवाल से मिलने की इजाजत दी। सिंह ने दावा किया कि तिहाड़ जेल में आमने-सामने मुलाकात करना आम है। खूंखार अपराधियों को भी अपने परिजनों से बैरक में मुलाकात की इजाजत है। केजरीवाल को अपमानित और हतोत्साहित करने के लिए ही यह अमानवीय कृत्य किया जा रहा है।



सिंह ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के एक सांसद की केजरीवाल के साथ मुलाकात तिहाड़ जेल प्रशासन ने आखिरी वक्त में रद्द कर दी।इसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया। उन्होंने कहा, %हमें बताया गया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विंडो बॉक्स ( जेल की सलाखों के बीच बनी छोटी सी खिड़की ) के जरिए मिलना होग यह भी दो मुख्यमंत्रियों का अपमान है।

## सीएम को कर्नाटक में ऑपरेशन लोटस की आशंका

**बेंगलुरू ।** लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आरोप लगाया है कि बीजेपी राज्य में ऑपरेशन लोटस चलाने की कोशिश में है। सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायक को तोड़ने के लिए उन्हें 50 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी। सिद्धारमैया ने एक पत्रिका को इंटरव्यू में लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार गिरने के सवाल पर कहा कि ऐसा संभव नहीं है,क्योंकि हमारे विधायक हमें नहीं छोड़ेंगे। एक भी विधायक हमारी पार्टी नहीं छोड़ेगा जबकि वो पिछले एक साल से मेरी सरकार को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## तेजस्वी ने 1 करोड़ नौकरियों का वादा किया

**पटना ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग से 6 दिन पहले आज लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे 'परिवर्तन पत्र' का नाम दिया गया है। परिवर्तन पत्र में सबसे बड़ा दावा सरकारी नौकरियों को लेकर है। यादव ने ऐलान किया है कि अगर देश में इंडी एलायंस की सरकार बनेगी तो हम देश भर में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे, आज बेरोजगारी हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और बीजेपी के लोगों ने इस बारे में बात नहीं करते हैं, उन्होंने 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन हम जो कहते हैं वह करते हैं और 1 करोड़ नौकरियां देंगे. यादव ने कहा कि हम पुरानी पेंशन योजना वापस लाएंगे और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे। उन्होंने बिहार को स्पेशल पैकेज दिलाने का भी वादा किया है।



### ऑनलाइन धोखाधडी का शिकार अंतर्राष्ट्रीय स्कूल

**मुंबई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र के दक्षिण मुंबई स्थित एक अंतराष्ट्रीय स्कूल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में गंवाए 82.55 लाख रुपये पुलिस ने बरामद किया है। यह रुपये स्कूल मैन ऑफ द मिडल आनलाइन हमले में गंवाए थे। मैन इन द मिडल (एमआईटीएम) हमला वह है जिसमें हमलावर गुप्त रूप से दो पक्षों के बीच संदेश को रोकता है और दोनों पक्षों क बीच संदेशों का प्रसार करता है। यह ऑनलाइन धोखाधड़ी 23 फरवरी से लेकर 16 मार्च तक चला, जब स्कूल ने कैफेटेरिया खोलने के लिए प्रक्रिया शुरू की। स्कूल ने एक यूएई स्थित फर्म को कॉन्ट्रैक्ट दिया था। एक अज्ञात व्यक्ति ने ऐसी ही आईडी बनाकर यूएस आधारित बैंक का विवरण प्रदान किया। यूएस आधारित फर्म की तरफ से भेजे गए मेल को देखते हुए स्कूल ने उन्हें 87.26 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में स्कूल को इसमें कुछ गड़बड़ी का अनुभव हुआ।



### कानून के क्षेत्र में बदलाव को अपनाने का समयः चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट भारत और सिंगापुर की शीर्ष अदालतों के बीच प्रौद्योगिकी और संवाद को लेकर 13 एवं 14 अप्रैल को दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस दौरान न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की परिवर्तनकारी भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि एआई के दौर में अप्रत्यक्ष भेदभाव दो महत्वपूर्ण चरणों में सामने आ सकता है। सबसे पहले, प्रशिक्षण चरण के दौरान जहां अधूरे या गलत डाटा पक्षपातपूर्ण परिणाम दे सकते हैं। वहीं दूसरा, डाटा प्रोसेसिंग के दौरान भेदभाव हो सकता है।



## खुशखबरी! देसी किट से होगी सर्वाइकल कैंसर की जांच, ट्रायल भी हुआ शुरू

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सर्वाइकल कैंसर की जांच अब देसी किट से संभव होगी। एम्स सहित तीन अन्य सेंटरों पर देश में बनी इस किट का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। एम्स के डायरेक्टर डॉ. एम श्रीनिवास, कैंसर सेंटर की चीफ डॉ. सुषमा भटनागर, डॉ. नीरजा भाटला की उपस्थिति में जांच किट का ट्रायल रन शुरू किया गया। इस किट की सफलता देश में सर्वाइकल कैंसर की जांच में मददगार साबित होगी। अभी महंगी किट की वजह से जांच प्रभावित होती है। इसलिए सस्ती दर पर देसी किट लाने की तैयारी है।

**सवा लाख से ज्यादा महिलाओं को हर साल होता है सर्वाइकल कैंसरः** एम्स की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार करीब 1,27,526 महिलाएं हर साल देश में सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होती हैं। इनमें से करीब 79,906 महिलाओं की मौत हो जाती है। ब्रेस्ट कैंसर के बाद महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर सबसे अधिक हो रहा है। यह स्थिति तब है, जब इस कैंसर के खिलाफ वैक्सीन तक उपलब्ध है। लेकिन समय पर जांच नहीं होने की वजह से इस बीमारी का पता नहीं चल पाता है। गंभीर स्थिति में बीमारी का पता चलने पर मौत का खतरा बढ़ जाता है।



### 2030 तक 70 प्रतिशत स्क्रीनिंग का टारगेट

एम्स की कैंसर सेंटर की चीफ डॉ. सुषमा भटनागर ने बताया कि यह लो कॉस्ट एचपीवी टेस्ट किट है। यह ट्रायल मल्टी सेंटर हो रहा है। इनमें एम्स के अलावा नोएडा स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च और मुंबई स्थिति आईसीएमआर का सेंटर शामिल हैं। 2030 तक महिलाओं में 70 पर्सेंट स्क्रीनिंग का टारगेट रखा गया है।

## सोशल मीडिया के झूठ से सुप्रीम कोर्ट नाराज, गलत तथ्य पर कड़ा एक्शन

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने अदालत में पेंडिंग मामलों में सोशल मीडिया के दुरुप्रयोग पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि जो मामले पेंडिंग हैं, उन पर सोशल मीडिया में मैसेज, कमेंट और आर्टिकल लिखे जा रहे हैं। जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ये झूठी खबरें कोर्ट की कार्रवाई में बाधा डालती हैं जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने फेसबुक पर किए गए पोस्ट का संज्ञान लेते हुए उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल उस फेसबुक पोस्ट में लिखा था कि सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। हालांकि सच तो ये था कि कोर्ट ने कार्रवाई पूरी होने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया था इसलिए अदालत में मामला लंबित रहा है। कोर्ट ने इस पोस्ट पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है। आजकल सोशल मीडिया का दुरुप्रयोग काफी अधिक हो रहा है। कोर्ट में लंबित मामलों के संबंध में संदेश, टिप्पणियां, लेख पोस्ट जा रहे हैं।



**मेट्रो एंकर** देशभर में निजी एविएशन कंपनियों की चांदी, चुनाव प्रचार के लिये सभी हेलीकॉप्टर बुक

## पंछी बनूं, उड़ता फिरूं निर्वाचन क्षेत्र में...!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

मौसम चुनाव का है और धीरे धीरे रंग गहराता जा रहा है। इस दौर में सबसे ज्यादा विनम्र यदि कोई हैं तो वे है उम्मीदवार और दबंग हैं हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियां। क्योंकि यही समय लाभ कमाने का है। लिहाजा हेलीकॉंप्टर व चार्टड विमानों के लिये जमकर रस्साकशी चल रही है। माना जाता है कि देशभर में करीब 170 निजी हेलीकॉप्टर हैं। इनमें से करीब 100 का इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में विभिन्न नेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रचार में किया जा रहा है। मोदी सरकार के सभी मंत्री और कांग्रेस समेत विपक्ष के बड़े नेता हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल चुनाव प्रचार में कर रहे हैं। चूंकि कमाई का सीजन है लिहाजा हेलीकॉप्टर का भाड़ा करीब 5 लाख रुपये प्रति घंटे तक है। हालांकि सामान्य दिनों में प्रति घंटे 1.5 से 2.5 लाख रुपये तक हेलीकॉप्टर का सामान्य किराया होता है।

खास बात यह है कि अभी तक भाजपा या कांग्रेस ने अभी तक अपने पूरे उम्मीदवार घोषित भी नहीं किए हैं मगर अडवांस में ही तमाम चार्टर्ड प्लेन और चॉपर की बुकिंग फुल हो चुकी है। देश में चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों के मुताबिक इस बार के लोकसभा चुनावों में बुकिंग राजनीतिक पार्टियों ने पहले से कराई है। कुछ बुकिंग कंपनियों और निजी लोगों ने भी की है। इनमें कुछ लोकसभा उम्मीदवार भी हैं। देशभर में 95 फीसद उड़नखटोलों की बुकिंग फरवरी मार्च में हो चुकी थी और वह भी करीब 50 फीसदी अधिक रेट पर।



### आयोग भी अलर्ट

इन चुनावों के दौरान चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करने पर भारतीय चुनाव आयोग भी अलर्ट है। इलेक्शन कमीशन ने इसके लिए तमाम एयरपोर्ट, एयरलाइंस और एविएशन सेक्टर से संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए हैं, जिसका मकसद चुनाव के दौरान चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर के माध्यम से पैसों के आदान-प्रदान समेत अन्य तरह के दुरुपयोग को रोकना है। देश के सभी छोटे-बड़े एयरपोर्ट और हेलिपोर्ट पर हर टेक ऑफ और लैंडिंग पर नजर रखी जा रही है।

### मप्र, बंगाल में सबसे ज्यादा डिमांड

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर की बुकिंग करने में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश सबसे आगे हैं। सबसे अधिक मांग हेलीकॉप्टर की है, लेकिन देश में नॉन शेड्यूल ऑपरेटरों के पास सीमित संख्या में ही हेलीकॉप्टर हैं। ऐसे में, मांग और आपूर्ति में संतुलन बड़ी चुनौती है। इसके अलावा दलो की दिक्कत यह है कि हेलीकॉप्टर मिल भी जाए तो अनुभवी पायलटों की उपलब्धता नहीं होने के कारण राजनीतिक दलों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर पायलटों के सामने नेताओं के साथ समय का संतुलन साधना और सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है।

### आने वाले समय में यात्रियों को मिलेंगी और अच्छी सुविधाएं

# रेलवे ने कमाए 5700 करोड़ यात्री सुविधाओं पर होंगे खर्च

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल, जबलपुर व कोटा रेल मंडल को मिलाकर पश्चिम मध्य रेलवे ने 5700 करोड़ रुपये की कमाई की है। आने वाले समय में इस राशि से रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 56.09 मिलियन टन माल लदान कर उसका परिवहन किया। इस काम में अब तक 5762 करोड़ 96 लाख रूपये का राजस्व मिला।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल पर माल लदान में कमोडिटी वाइज लोडिंग मुख्यतः 10 सामग्रियों का लदान किया जाता है, जिसमें 28 प्रतिशत सीमेंट, 19 प्रतिशत कोयला, 13 प्रतिशत क्लिंकर, 13 प्रतिशत खाद्यान्न, 10 प्रतिशत खाद, 05 प्रतिशत आयरन ओर तथा 02 प्रतिशत कन्टेनर है, जो कि माल यातायात का कुल 90 प्रतिशत होता है। पमरे पर माल लदान के लिए 100 से भी अधिक गुड्स शेड एवं साइडिंग्स हैं। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने इन 12 महीनों में मण्डल वाइस माल लदान कर राजस्व प्राप्त किया है।



अधिकारियों के मुताबिक जबलपुर मण्डल ने 39.55 मिलियन टन माल लदान से 3770 करोड़ 28 लाख रूपये, भोपाल मण्डल ने 09.04 मिलियन टन माल लदान से 1086 करोड़ 62 लाख रूपये और कोटा मण्डल ने 07.50 मिलियन टन माल लदान से 906 करो? 06 लाख रूपये कमाए।

अधिकारियों के मुताबिक तीनों मंडलों द्वारा फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ मालगाडियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।

## भोपाल–सिंगरौली और भोपाल–हावड़ा एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रहेंगी निरस्त

**भोपाल।** भोपाल से सिंगरौली व भोपाल से हावड़ा जाने वाली ट्रेनों के अलावा कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इन ट्रेनों को कटनी–सिंगरौली के बीच पटरी जोड़ने के कामों के चलते निरस्त करने का निर्णय लिया है।

- **ट्रेन** 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 13, 17 एवं 20 अप्रैल 2024 को व ट्रेन 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 16, 18 एवं 23 अप्रैल को दोनों दिशाओं में रद्द रहेगी।
- **ट्रेन** 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 15 अप्रैल को व ट्रेन 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 17 अप्रैल को दोनों दिशाओं में रद्द रहेगी।

## 11 महीने में 463 बच्चों को उनके अभिभावकों तक पहुंचाया

**भोपाल।** रेलवे स्टेशन पर भटकने और ट्रेनों के जरिए एक से दूसरे शहरों में जाने वाले 463 बच्चों को आरपीएफ जवानों ने अभिभावकों तक पहुंचाया है।

आरपीएफ पश्चिम मध्य रेल ने 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के दौरान पश्चिम मध्य रेल के रेलवे स्टेशन प्लेटफार्मो से सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और अन्य फ्रंटलाइन रेलवे कर्मचारियों के समन्वय से इन बच्चों की पहचान की।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ बच्चे किसी झगड़े या कुछ पारिवारिक मुद्दों के कारण या बेहतर जीवन या शहर की चकाचौंध आदि की तलाश में अपने परिवार को बताए बिना रेलवे स्टेशनों पर आते हैं। आरपीएफ कर्मी बच्चों से जुड़ते हैं, उनकी समस्याओं को समझते हैं और उन्हें अपने माता-पिता से दोबारा मिलने के लिए सलाह देते हैं।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय पर लोकसभा चुनाव मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सड़क निर्माण में लापरवाही, कार्यपालन यंत्री से जवाब-तलब

### मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के तीन मामलों में लिया संज्ञान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। भोपाल शहर में शाहपुरा से सीआई तिराहे तक पीडब्ल्यूडी, द्वारा सड़क निर्माण कराया गया, जिसमें बड़ी लापरवाही सामने आई है। मामले में अधिकार आयोग ने कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही निर्माण के दौरान क्या-क्या सावधानिया होनी चाहिये एवं क्या की गई है इसके सम्बन्ध में 15 दिन में प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि सड़क को बिना बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड, संकेतक और डायवर्जन बोर्ड के ही निर्माण कर दिया। जिस कारण बड़ा सड़क हादसा होने की आंशका है।




### इन मामलों में भी लिया संज्ञान

आयोग ने भोपाल के सुखी सेवनिया क्षेत्र में खलिहान में सो रही एक महिला की सांप के काटने से मृत्यु होने की घटना पर कलेक्टर मामले की जांच कराकर मृतक के वैध उत्तराधिकारियों को नियमानुसार देय आर्थिक सहायता राशि के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। इसके साथ ही जय प्रकाश अस्पताल की दोनों आईसीयू और पीडियाट्रिक वार्ड में लगाये गये ऐसी (एयर कंडीशनर) के काम नहीं करने का मामला सामने आया है। जिस कारण मरीजों को गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है। आयोग ने सिविल सर्जन-भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन 15 दिन में मांगा है।

## विद्यार्थियों को दिलाई मतदाता शपथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### मुखर्जी महाविद्यालय

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के द्वारा राजधानी के शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मतदाता शपथ ली गई। यह शपथ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय तेलंग के द्वारा दिलवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. मधुसुदन प्रकाश भी उपस्थित थे। शपथ के पूर्व डॉ. मधुसुदन प्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और चुनाव के दौरान देश के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। डॉ. मधुसुदन प्रकाश ने एक वोट के महत्व को समझाते हुए कहा कि एक वोट हमारे देश एवं राजनीति के कल्याण के लिए उस बीज के समान है जो आगे चलकर ऐसा वृक्ष बनता है जिसकी शीतल छाया व मीठे फल का प्रयोग नागरिकों के द्वारा किया जाता है।

## भव्य संकीर्तन यात्रा निकली सिख संगत ने किए भजन



**हिरदाराम नगर।** गुरूद्वारा सिंह सभा संतनगर से वैसाखी नगर संकीर्तन यात्रा निकली, जो संतनगर के विभिन्न मार्गो से गुजरेगी। संकीर्तन यात्रा कालका चौराहा, मिनी मार्केट, मल्टी पार्किंग, इलाहाबाद बैंक रोड, जैन मंदिर, बस स्टैंड, संतजी की कुटिया, हलालपुर बस स्टैंड, लालघाटी से होती हुई गुरूद्वारा टेकरी साहिब ईदगाह हिल्स पर समाप्त हुई।

बात दे वैसाखी के दिन गुरू गोविंद सिंह ने खालसा सजाया था। तब से सिख समाज वैसाखी का पर्व मनाता है। भव्य शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं। खालसा सजाया जाता है। संकीर्तन यात्रा में गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष परमवीर सिंह वजीर, हरविंदर सिंह, सतनाम सिंह सलूजा, महेन्द्र सिंह गांधी, कुलदीप सिंह, मंजीत सिंह, जेपी सिंह सनी, गुरूदयाल सिंह व बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग शामिल हुए।

### मौसम के बिगड़े मिजाज के बाद भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

## सिंधी गीत संगीत के बीच चैतीचांद का उत्सव

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में चेट्रीचंड महोत्सव सिंधी गीत-संगीत के बीच मनाया जा रहा है। गुरूवार रात सिंधु समाज के दो दिनी कार्यक्रमों का समापन हुआ। साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड पर आयाजित कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान झूलेलालजी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

गायक कलाकार नील तलरेजा और अन्य कलाकारों ने मौसम के बिगड़े मिजाज के बाद भी यादगार प्रस्तुतियां दीं। निशा चेलानी के सिन्धी गीतों से कार्यक्रम को उत्सवी बनाया। 'झूले झूलेलाल द मस्त कलंदर' पर सिंधी समाज जमकर थिरका। कार्यक्रम संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के चन्द्र प्रकाश इसरानी, सिंधु समाज के मोहनलाल चंदनानी, हरीश मेहरचंदानी, भरत आसनानी व अन्य विशिष्ठजन मौजूद रहे।



**मेट्रो एंकर** तारक मेहता उल्टा चश्मा फेम रोशन सिंग सोडी, डॉ हाथी, कोमल एवं जूनियर देव आनंद देंगे प्रस्तुति

# दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का आगाज आज से


**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी मेला समिति द्वारा 13 एवं 14 अप्रैल को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय 27 वां पारिवारिक सिंधी मेले का आयोजन किया जा रहा है।

सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल के बहिराणा साहिब व दीप प्रज्वलन के साथ की होगी। गीत संगीत मनोरंजन के लिए मुंबई के शुभम् नाथानी बैंड संतनगर में होगा। वर्ष इस मेले सिंधी यूथ फेस्टिवल का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें सिंधी समाज के युवाओं द्वारा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए सिंधी मेला समिति द्वारा मंच उपलब्ध करवाया जा रहा है।







### तारिका मेहता फेम रहेंगे

मेले में तारक मेहता उल्टा चश्मा के फैम सोडी, डॉ हाथी (निर्मल सोनी) उनकी पत्नी कोमल (अंबिका रंजनकर) एवं जूनियर देवआनंद (किशोर भानुशाली) को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलो के साथ साथ ऊथ और घोड़ों की सवारी, सिंधी फन क्रिज, म्यूजिकल चेयर रेस और छेज (सिंधी डांडिया) की भी विशेष प्रस्तुति होगी।साथ ही विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। सिंधी मेले में वरिष्ठ समाजसेवी स्व. उत्तमचंद ईसरानी, स्व. दादा गोविंदराम बतरा, स्व. शौकत राय कटारिया और स्व. काका कीमत राय नागदेव जी की स्मृति में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाज सेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा।साथ ही चेटीचंड पर आयोजित झूलेलाल शोभायात्रा में सम्मिलित झांकियों में से श्रेष्ठ झांकियों को सिंधी सेंट्रल पंचायत द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा शान ए सिंधयित, ओल्ड इज गोल्ड, लकी फैमिली ऑफ द ईव जैसे पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा।

## प्राकृतिक चिकित्सा का 10 दिवसीय शिविर शुरू



**हिरदाराम नगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला' के अन्तर्गत दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। शिविर में साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज आदि से भी लाभान्वित होने की उम्मीद से आए हैं। इस शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी। शिविर के पहले दिन शिविरार्थियों का पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। डॉ गुलाब राय टेवानी ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य है प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना सम्भव। दस दिवसीय शिविर के माध्यम सेअपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखते है। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर' रखा गया है।

# पहले निजी स्कूलों की मनमानी, अब भोपाल डीईओ की मनमानी भारी....कलेक्टर ने लगाई फटकार

## जांच 12 स्कूलों की करनी थी, जांच रिपोर्ट सिर्फ 3 की लेकर पहुंचे, नोटिस देने में भी लेटलतीफी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेशभर में इन दिनों मनमानी करने वाले निजी स्कूलों और बुक सेंटरों पर कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद शासन-प्रशासन इसको लेकर सख्त नजर आ रहा है, लेकिन राजधानी भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी निजी स्कूलों और बुक सेंटरों पर मेहरबान नजर आ रहे हैं। ऐसी ही स्थिति शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में नजर आई, जब जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी मनमानी करने वाले निजी स्कूलों और बुक सेंटरों पर कार्यवाही की रिपोर्ट लेकर कलेक्टर कार्यालय में पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, 12 स्कूलों और दो बुक सेंटरों को नोटिस जारी करते हुए जांच व कार्यवाही की जानी थी, लेकिन डीईओ त्रिपाठी 12 स्कूलों में से मात्र तीन की जांच रिपोर्ट लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान स्कूलों की जांच और किताबों के संबंध में कलेक्टर के सवाल पूछने पर भी वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिस पर कलेक्टर ने डीईओ त्रिपाठी को जमकर फटकार लगाई है। विभागीय सूत्रों माने तो डीईओ द्वारा सिर्फ तीन स्कूलों को ही नोटिस जारी किए थे, बाकी 9 स्कूलों को कलेक्टर की फटकार के बाद आनन-फानन में पुरानी तारीख में नोटिस जारी किए हैं। पालक महासंघ के पदाधिकारी जब कलेक्टर से मिलने पहुंचे, तो मामला सामने आया।




### मुख्यमंत्री के सख्त आदेश, फिर भी डीईओ कर रहे हैं लेटलतीफी-

हाल ही स्कूलों की मनमानी पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं, फिर भी भोपाल डीईओ इसको लेकर लेटलतीफी कर रहे हैं। ऐसे में मनमानी करने वाले निजी स्कूलों और बुक सेंटरों के हौसले बुलंद हैं।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, एसडीएम एमपी नगर एलके खरे की टीम ने एमपी नगर स्थित बुक्स एंड बुक्स और न्यू स्नेह बुक सेंटर पर छापा मारा था। दुकान पर उपस्थित अभिभावकों-बच्चों से बातचीत व जांच में सामने आया कि न्यू स्नेह बुक सेंटर पर 11 और बुक्स एंड बुक्स पर 5 स्कूलों की बुक्स, कोर्स और अन्य सामान दिया जा रहा है। जांच के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी स्कूलों व दोनों बुक सेंटरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। लेकिन डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने सिर्फ तीन स्कूलों को ही जांच रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय लेकर पहुंचे।

### पहले चरण की चुनाव तैयारी में जुटा आयोग, दिल्ली से मिले खास निर्देश

# मतदाता को कंफर्ट और उम्मीदवारों को समान अवसर देने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पहले चरण के मतदान के लिये अब निर्वाचन आयोग ने अपनी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। आयोग ने सभी सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों के साथ वीसी के जरिये दिल्ली से तैयारियों की समीक्षा की है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मप्र से भी तैयारियों का सीधी चर्चा कर फीडबैक लिया तथा प्रेक्षकों से कहा कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र से मतदान प्रतिशत ब?ाने के लिये मतदाता जागरुकता अभियान मे तेजी लायें। प्रयास यह होना चाहिए कि मतदान के दिन मतदाता अपने घरों से निकल कर मतदान जरूर करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे। सभी प्रेक्षक को निर्विघ्न मतदान के लिये सभी तैयारियां अपनी निगरानी में कराने कहा गया है। तेज गर्मी के चलते मतदान केन्द्रों में छाया, ठंडा पानी, दवाईयां, ओआरएस पैकेट आदि अवश्य उपलब्ध रखने को कहा गया है। खास तौर पर कहा गया है कि सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराएं।



**पहले दिन 7 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन:** निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के मुताबिक लकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। तीसरे चरण के नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को 7 अभ्यर्थियों ने 8 नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। ग्वालियर, गुना एवं भोपाल में 1-1 अभ्यर्थी द्वारा 1-1 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किया गया है। विदिशा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र और राजगढ़ में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये।




## आदिवासियों की चिंता नहीं करती कांग्रेस- मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बालाघाट जिले की बैहर विधानसभा के उकबा, छिंदवाड़ा एवं लखनादौन विधानसभा के ग्राम कहानी में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने देश में 70 वर्षों तक शासन किया। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन आदिवासियों की चिंता कांग्रेस की सरकारों ने कभी नहीं कीं। आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस ने तो कभी नहीं लड़ी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी हमेशा से आदिवासियों के साथ रही। भाजपा ने आदिवासियों को उनके अधिकार दिलाए। मध्यप्रदेश की सरकार ने आदिवासियों के हितों के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। कांग्रेस के शासनकाल में किसी भी आदिवासी को उच्च पद नहीं दिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार एवं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने एक आदिवासी नेत्री को देश का सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों के हितों की चिंता की। अब वे देश के भ्रष्टारियों और अपराधियों को भी जेल भेजने का कार्य कर रहे हैं।

### राजगढ़ में सरकारी प्रलोभन: कांग्रेस ने की चुनाव आयोग से शिकायत

लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ में केवाईसी ऑनलाईन के नाम पर लगभग 97 शासकीय अधिकारियों/ कर्मचारियों को तैनात कर 3.50 लाख से अधिक मतदाताओं को भाजपा के नाम पर प्रलोभित एवं भ्रमित करने की प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने निर्वाचन सदन, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत कर कार्ययोजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। धनोपिया ने कहा है कि राजगढ़ कार्यालय जनपद पंचायत सारंगपुर जिला राजगढ़ के आदेश के माध्यम से लगभग 97 शासकीय अधिकारियों /कर्मचारियों को आदेशित किया गया है कि वे केवाईसी अपडेशन ऑनलाईन के नाम पर लोकसभा क्षेत्र के करीब 85 हजार हितग्राही परिवारों जिनकी मतदाता संख्या करीब तीन लाख 50 हजार होती है, से सम्पर्क कर विभिन्न योजनाओं जैसे कि सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन स्कीम से लाभ लेने वाले हितग्राहियों के केवाईसी ऑनलाईन करने के नाम पर दस्तावेज एकत्रित कर उन्हें पूर्व से प्राप्त हो रही शासकीय योजनाओं के लाभ प्राप्त होने के संबंध में भाजपा द्वारा उपकृत किए जाने एवं भविष्य में और अन्य योजनाओं के और अधिक लाभ देने का प्रलोभन देते हुए मतदाताओं को प्रलोभित कर प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। धनोपिया ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव कराने के उद्देश्य से 97 शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।






भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सीधी व छिंदवाडा में चुनाव सभाओं का संबोधित किया तो कांग्रेस के विदिशा उम्मीदवार के नामांकन के बाद जीतू पटवारी ने सभा ली।



मप्र युवा कांग्रेस के नये अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह ने पीसीसी में पद संभाला।

## सक्षम एप पर प्रोफेसर ने दी गलत जानकारी, खुद को बताया आईएएस

### न्यायालय आयुक्त निःशक्तजन ने सभी पदों से हटाया, कलेक्टर को दिए जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

न्यायालय आयुक्त निःशक्तजन भोपाल मप्र ने जबलपुर में पदस्थ एक प्रोफेसर द्वारा अपने आप को आईएएस बताकर भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम एप में गलत जानकारी अपलोड करने के मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रोफेसर को सभी दायित्व से हटा दिया है। मामले में आयुक्त संदीप रजक ने जबलपुर कलेक्टर को आदेश जारी करते हुए कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम एप पर रामनरेश पटेल द्वारा स्वयं को आईएएस दर्शाया गया है। जो कि असत्य एवं भ्रामक जानकारी देना नियमों के विपरीत है। रामनरेश पटेल की दिव्यांगजनों के विरुद्ध गंभीर शिकायतों के कारण विभाग के समस्त प्रभारों एवं दायित्वों से अलग किया जाकर प्राप्त लंबित शिकायतों की जांच की जाए और रिपोर्ट भी भेजी जाए।

## अब बैंकों का हिसाब-किताब संभालेंगे इंजीनियर

**भोपाल।** अब तक आइटी कंपनियों में अपना हुनर दिखाने वाले इंजीनियरिंग के विद्यार्थी अब बैंकों का हिसाब-किताब भी संभालेंगे। मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में 2024 के स्नातक बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इनमें से 65 विद्यार्थियों का चयन इंटरव्यू के दौरान किया। विभिन्न बैंकिंग कंपनियों ने फाइनल ईयर के कुल 35 छात्रों का प्लेसमेंट के लिए और प्री-फाइनल वर्ष के लगभग 30 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन किया है।

### इन बैंकिंग कंपनियों ने किया छात्रों का चयन

वैल्स फार्म और गोल्ड मैन ने 24-24 लाख रुपए के पैकेज पर 7-7 छात्रों का चयन किया। बड़ी कंपनियों में से एक पाइन लैब्स ने 22 लाख रुपए के पैकेज पर और ब्लैक रॉक और पिरामल ने 12-12 लाख रुपए के पैकेज पर मैनिट से छात्रों का चयन किया। कई भारतीय बैंक जैसे एसबीआई, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक आदि ने भी प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया।

### एलुमनी सेल के माध्यम से हुआ चयन

ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल की हेड डॉ. अरुणा सक्सेना ने बताया कि डायरेक्टर प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला एवं एलुमनी सेल के प्रेसिडेंट बिप्लब डे और उनकी टीम के मार्गदर्शन से मैनिट के स्टूडेंट्स को विभिन्न विभागों में इंटर्नशिप का प्लेसमेंट मिला है।

**मेट्रो एंकर**

### एनआईटीटीटीआर भोपाल के स्थापना सप्ताह का हुआ समापन


# फ्यूचर टेक्नोलॉजी के अनुसार स्टूडेंट्स को तैयार किया जाना चाहिए- प्रो संजय तिवारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नवाचार के बिना कोई देश प्रगति नहीं कर सकता है। आज बिना इनोवेशन के कुछ भी संभव नहीं है। आज एजुकेशन के इकोसिस्टम को रीडिफाइन की आवश्यकता है। फ्यूचर टेक्नोलॉजी के अनुसार स्टूडेंट्स को तैयार किया जाना चाहिए। यह बात मप्र भोज मुक्त विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने कही।

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के स्थापना सप्ताह का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रो संजय तिवारी ने एनआईटीटीटीआर के टेक्निकल एजुकेशन में योगदान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रो. संजय तिवारी ने कहा की आपका संस्थान अपने कार्यों के प्रति सजग एवं समर्पित हे जो दूसरे संस्थानों के लिए रोल मॉडल भी है।

**डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने के बाद लोगों की अपेक्षाएं हमसे बड़ी:** निटर निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा की मुझे गर्व है कि संस्थान का एक-एक व्यक्ति संस्थान के विकास में लगा हुआ है। प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि आज हम सभी शपथ ले की हम किसी भी कार्य में क्वालिटी से कभी कोम्प्रोमाईज नहीं करेंगे। डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने के बाद लोगों की अपेक्षाएं हमसे ब? गयी हैं। एनआईटीटीटीआर भोपाल ने इस सप्ताह में इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशालाओं का भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने उत्कृष्टता केंद्र की 11 हाई-टेक प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। इसका उद्देश्य छात्रों के बीच साइंस एवं टेक्नोलॉजी को लोकप्रिय बनाना और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए नवाचार करने के लिए प्रेरित करना था।



## संपादकीय

# उम्मीदवार का भी अधिकार

मतदाताओं के अधिकारों की परवाह हर चुनाव के दौरान की जाती है और चुनाव सुधारों के दौरान भी अमूमन मतदाताओं के जानने के अधिकार पर ज्यादा जोर रखा जाता है। मगर अब सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले के जरिए ध्यान दिलाया है कि प्रत्याशी भी तो आखिर इस देश के नागरिक हैं। ऐसे में मतदाताओं के सूचित होने के अधिकार को समुचित महत्व देते हुए भी प्रत्याशियों के निजता के अधिकार की ओर से पूरी तरह आंखें मूंद लेना ठीक नहीं होगा। अपने अहम फैसले में असम, नगालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को पलटते हुए सुप्रीम अदालत ने व्यवस्था दी है कि चुनाव में किसी प्रत्याशी के लिए अपनी हरेक चल संपत्ति का ब्योरा देना जरूरी नहीं है। दरअसल यह फैसला इस लिहाज से खास है कि इसमें मतदाताओं के साथ-साथ प्रत्याशी के अधिकार का भी ध्यान रखने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा यह फैसला इस बात की ओर भी ध्यान खींचता है कि शब्दों पर जरूरत से ज्यादा बल देना कभी-कभी अनजाने ही कानून को निरर्थकता की ओर ले जाने लगता है। गौरतलब है कि  जिस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है उसमें प्रत्याशी पर तीन वाहनों की जानकारी न देने और सरकारी आवास से जुड़े नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने का आरोप था। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिया कि तीनों वाहन भले ही कागज पर प्रत्याशी के परिजनों के नाम पर हों, लेकिन वे पहले ही बेचे या गिफ्ट किए जा चुके थे। ऐसे ही इस तथ्य को लेकर कोई विवाद नहीं था कि प्रत्याशी पर किसी तरह का बकाया नहीं था, बस नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने का मामला था। लिहाजा सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इसे प्रत्याशी का निर्वाचन रद्द करने का आधार नहीं माना जा सकता। फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में कोई एक लकीर नहीं खींची जा सकती कि कौन सी चल संपत्ति ब्योरा देने लायक है और कौन सी नहीं। हर केस को उसकी विषयवस्तु के हिसाब से गौर किया जाना चाहिए। मसलन किसी प्रत्याशी के परिजनों की सामान्य घड़ी का ब्योरा देना अनावश्यक हो सकता है, लेकिन अगर किसी के परिवार में बेहद महंगी कई सारी घड़ियां हों तो उसका ब्योरा छिपाया जाना अपराध हो सकता है। बावजूद,इस सवाल से नहीं बचा जा सकता कि क्या इस फैसले से आगे ऐसे मामलों में अलग-अलग व्याख्याओं की गुंजाइश बन गई है, जिसका दुरुपयोग हो सकता है। क्या इसका फायदा उठाते हुए आगे चलकर कुछ प्रत्याशी ऐसी भी सूचनाएं छुपा सकते हैं, जो चुनाव और वोटर के लिहाज से अहम हों सकती हैं। मगर ताजा फैसले के बाद  अब इसी संभावना को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने इस अहम कानून की सार्थकता बढ़ाने और इसे प्रासंगिक बनाए रखने का काम किया है। लेकिन यह तो साफ है कि लंबे समय से देश में चल रहीं चुनाव सुधार की कोशिशें की कडी में अब तक किये गये तमाम प्रयासों ने चुनाव के प्रति मतदाता के साथ ही उम्मीदवार की जवाबदारी को खूब बढा दिया है और यह ठीक तथा जरूरी भी रहा है।

जीवन में विजेता कुछ अलग नहीं करते परंतु वह चीजों को ही अलग तरीके से करते हैं

## आज का इतिहास

- 1823 ग्यारह वर्षीय फ्रांज लिज़्ट एक कॉन्सर्ट प्रदान किया, जिसके बाद उन्हें व्यक्तिगत रूप से लुडविग वैन बीथोवेन द्वारा बधाई दी
- 1829 यूनाइटेड कैथेड्रल में कैथोलिकों पर सबसे अधिक प्रतिबंध हटाते हुए रोमन कैथोलिक राहत अधिनियम को रॉयल असेंट दिया गया।
- 1842 पहला एंग्लो-अफगान युद्ध- जेलालाबाद में पहला ब्रिटिश-अफगान युद्ध लड़ा गया जिसमे ब्रिटिश सेना विजयी हुई।
- 1873 अमेरिका के लुइसियाना के कोलफैक्स में स्थानीय कार्यालयों के लिए एक विवादित चुनाव के मद्देनजर, सशस्त्र श्वेत वर्चस्ववादियों ने स्वतंत्रता सेनानियों और अफ्रीकी अमेरिकी राज्य मिलिशिया पर नियंत्रण की कोशिश की, जिसमें 100 से अधिक मारे गए।
- 1943 वाशिंगटन, डी.सी. में नवशास्त्रीय जेफरसन मेमोरियल, थॉमस जेफरसन के जन्म की 200 वीं वर्षगांठ पर एकरूप रूप से समर्पित था।
- 1943 द्वितीय विश्व युद्ध- जर्मन समाचार ने सोवियत बलों द्वारा मारे गए युद्ध के पोलिश कैदियों के एक बड़े पैमाने पर खोज की घोषणा की, जिससे पोलिश सरकार में निर्वासन और यूएसएसआर के बीच दरार पैदा हुई।
- 1956 वियतनामी राष्ट्रीय सेना ने होआ हाओ धार्मिक संप्रदाय के सैन्य कमांडर बा कट को पकड़ लिया, जो प्रधान मंत्री नेगो दीन्ह दीम के विरोध में दक्षिणी वियतनाम में वास्तविक राज्य चला रहा था।
- 1958 शीत युद्ध के बीच में, मास्को में अमेरिकी पियानोवादक वैन क्लिबर्न ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।
- 1960 फ्रांस सहारा मरुस्थल में परमाणु बम का परीक्षण करने वाला चौथा देश बना।
- 1970 चन्द्रमा की यात्रा पर रवाना हुए अमेरिकी अंतरिक्ष यान अपोलो 13 के ईंधन टैंक में विस्फोट हुआ।
- 1986 एक गैर-संबंधित सरोगेट मां से पैदा हुए पहला बच्चा पैदा हुआ।

## निशाना

### तेज़ी से प्रचार !



—कृष्णेन्द्र राय

धुआंधार रैली और ।
तेज़ी से प्रचार ।।
अपनी और पार्टी की ।
है लानी बहार ।।
धीरे-धीरे बढ़कर ।
आ गए नज़दीक ।।
है अब पूरी कोशिश ।
प्रहार हो सटीक ।।
उसी दिशा में अग्रसर ।
है लगाया ज़ोर ।।
बढ़ जाए मुनाफा ।
रहे आज झकझोर ।।
खोलेंगे फिर पत्ते ।
हो जाए बस जीत ।।
रहा कुरेद बार बार ।
अपना जो अतीत ।।

# मंदिर ही पर्याप्त नहीं

# राम के आदर्श भी जरूरी

**केएस तोमर**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के साथ राजनीति में पदार्पण कर दो बार हिमाचल के मुख्यमंत्री रहे शांता कुमार का व्यक्तित्व विरल ही रहा है। जब-जब उन्हें लगा कि भाजपा नेतृत्व कहीं आदर्शों का त्याग कर रहा है तो शांता कुमार ने उन्हें भी कटघरे में खड़ा करने से गुरेज नहीं किया। उनका कहना है कि केवल अयोध्या में राम मंदिर निर्माण काफी नहीं, इसके साथ ही राम के आदर्शों पर भी चलना होगा।  इस समय जब देश में, विशेषकर उत्तर भारत में धार्मिक भावनाएं उछाल पर हैं, शांता कुमार का कहना है कि सभी नेताओं में सद्बुद्धि आनी चाहिए। उन्हें देश के सम्मान की रक्षा का प्रण लेना चाहिए। शांता कुमार को दुख है कि मौजूदा दौर में राजनीति केवल सत्ता पर काबिज होने के लिए की जा रही है। यह भी कि उनकी पार्टी की राह भी इससे शायद ही जुदा हो।

हाल ही में कुछ विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री का मत है कि भाजपा अपने दम पर सत्ता में लौट रही है, इन परिस्थितियों में गिरफ्तारियों का कोई औचित्य नहीं। यूं भी चुनावों की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू है। उन्होंने कहा कि यद्यपि देश ने कुछ वर्ष पूर्व भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस को सत्ता से हटा दिया था लेकिन देखने की बात है कि क्या मौजूदा व्यवस्था में भ्रष्टाचार में कमी आई है। यूं भी हालात को अंतर्राष्ट्रीय पारदर्शिता संस्थान की रिपोर्ट में उजागर किया गया है। उनका मानना है कि सत्ता के लिए अन्य दलों के भ्रष्टाचार के आरोपी कुछ नेताओं को पार्टी में शामिल किए जाने से भाजपा के समर्पित और पुराने कार्यकर्ता निराश हैं। ऐसे प्रयास भविष्य में पार्टी के लिए गलत सिद्ध होंगे। शांता कुमार ने चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में हुई कथित हेराफेरी का हवाला देता हुए कहा कि इस मामले से पार्टी के संदर्भ में लोगों में गलत संदेश गया। सत्ता में जब स्वयंसेवक थे तो वे ऐसे प्रलोभनों से दूर रहे। अस्सी के दशक के अंत में एक बार चार विधायकों को दलबदल करवाने का यदि ऐसा प्रयास किया होता तो उस समय कांग्रेस की बजाय भाजपा की सरकार बन जाती। लेकिन शांता कुमार के मुताबिक, उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को स्पष्ट कर दिया था कि यदि वे ऐसा चाहते हैं तो पार्टी नेतृत्व किसी और को सौंप दें। इस पर अटल जी ने भी जयपुर से फोन पर कहा था कि झुकने की आवश्यकता नहीं है और विपक्ष में बैठें। इसका लाभ यह हुआ कि 1990 में भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनी।

देश में शायद शांता कुमार ही एकमात्र राजनेता हैं जिन्होंने गुजरात दंगों के बाद खुल कर अपना मत पार्टी के समक्ष रखा। हालांकि बाद में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने का उन्होंने समर्थन भी किया था। इसी तरह कुछ माह पूर्व गुजरात सरकार द्वारा गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक ब्लात्कार कांड के दोषियों को छोड़े जाने पर उनका रुख था कि गुजरात सरकार अपना निर्णय बदले। वहीं उन्होंने चुनी हुई सरकारों को गिराने का कृत्य भी गलत ही ठहराया। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं जिन्हें 75 वर्ष से अधिक आयु होने के कारण सेवानिवृत्त कर मार्गदर्शक बना दिया गया था। शांता कुमार उन नेताओं में से हैं जो समय-समय पर देश के हालात पर अपनी बेबाक राय देते रहते हैं, मामला चाहे किसी भी दल को लेकर हो। राजनीति में वे लोकतंत्र का गला घोंटने के सख्त खिलाफ रहे हैं। वर्तमान में अगर जनसंघ और आरएसएस के आदर्शों की अनदेखी होती नजर आये तो वे दुखी होते हैं। वे जोड़तोड़ और गलत नीति अपनाकर सत्ता पर काबिज होने को लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। बकौल शांता कुमार, इस समय भाजपा सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसका आधार मूल्यों पर टिकी राजनीति, वचनबद्धता और देशभक्ति रहा है। इन मूल्यों को हमेशा संजोए रखने और पालन करने की जरूरत है। किसी मुद्दे पर कदम सही लगे तो पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार प्रदेश की कांग्रेस सरकार की प्रशंसा से भी गुरेज नहीं करते। वर्ष 2023 में जब सुक्खू सरकार ने आपदा से निपटने के लिए बेहतर काम किया तो शांता कुमार ने उसकी सराहना की। जबकि भाजपा नेता सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं गंवा रहे थे। यदि पूर्व मुख्यमंत्री का राजनीतिक सफर पर नजर दौड़ाएं तो उनकी राजनीति की तासीर समझ आती है। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने तब आदर्शों पर कायम रहना मंजूर किया जब प्रदेश के कर्माचारियों ने हड़ताल की। बिना काम के वेतन नहीं का नियम लागू कर एक नयी शुरुआत की। हालांकि सरकार को इसका खमियाजा भी भुगतना पड़ा था।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध भी उनका दृष्टिकोण निष्पक्ष रहा। उन्होंने एक मामले में कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के विरुद्ध भी बयान दिया था। भाजपा हाईकमान ने शांता कुमार को कर्नाटक का प्रभारी नियुक्त किया था लेकिन उन्होंने अपना स्टैंड नहीं बदला। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के कथित व्यापार घोटाले की भी उन्होंने निंदा की थी। साल 2002-03 में शांता कुमार ने ऐसे कई मुद्दों पर हिमाचल की भाजपा सरकार की भी आलोचना की। विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में राजनीति का अपहरण कर लिया गया है। एकमात्र ध्येय सत्ता पर काबिज होना है और उसके लिए कोई भी रास्ता अपनाना स्वीकार्य है। राजनीति में अब नैतिक मूल्यों का महत्व नहीं रह गया है। हां, उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में देश में साफ़ राजनीति का दौर आये।

*साभार: लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, यह उनके विचार हैं*

# बंगाल में चुनौतियां कम नहीं होंगी भाजपा के लिए, पहले चरण में ही साख दांव पर

**प्रभाकर मणि तिवारी**



पश्चिम बंगाल में पहले चरण में जिन तीन सीटों पर मतदान होना है वहां भाजपा की साख दांव पर है। इसकी वजह यह है कि पिछले चुनाव में उसने यह तीनों जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरदुआर सीटें जीती थी। इस बार पार्टी के सामने उन पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती है। वैसे, भी उत्तर बंगाल इलाके को भगवा पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता है। वर्ष 2019 में पार्टी ने इलाके की आठ में में से सात सीटें जीती थी जिनमें से छह सीटें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस बार सीधे मुकाबले में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा से इन सीटो को छीनने के लिए कमर कस ली है। लेकिन इन तीनों सीटों पर भाजपा मामूली बढ़त की स्थिति में है। दिलचस्प बात यह है कि इन तीन सीटों के लिए जो 37 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं उनमें से दस करोड़पति हैं। इनमें से खासकर कूचबिहार सीट सबसे अहम है।

दरअसल, पिछली बार यहां जीते भाजपा के निशीथ प्रामाणिक फिलहाल केंद्रीय गृह राज्यमंत्री हैं और इस बार भी वह मैदान में हैं। लेकिन हाल के दिनो में यह इलाका भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों के कारण सुर्खियों में रहा है। राज्य सरकार के मंत्री उदयन गुहा के साथ उनका छत्तीस का कड़ा है। टीएमसी ने यहां जगदीश चंद्र बसुनिया को मैदान में उतारा है। इन दोनों के बीच अबकी कड़ी टक्कर की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक ही दिन कुछ घंटे के अंतराल पर इलाके में चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुकी हैं। इससे इस सीट की अहमियत समझ में आती है।

इस इलाके के जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए ही भाजपा ने अनंत राय महाराज को अपना राज्यसभा उम्मीदवार बनाया था। वे पार्टी के टिकट पर ऊपरी सदन में पहुंचने वाले राज्य के पहले व्यक्ति हैं। अनंत महाराज उस ग्रेटर कूचबिहार पीपुल्स एसोसिएशन के एक गुट के प्रमुख हैं जो बंगाल और असम के सीमावर्ती इलाके को मिलाकर अलग केंद्र शासित प्रदेश की स्थापना की मांग करता रहा है। वो करीब 40 लाख की आबादी वाले कोच-राजबंशी समुदाय के हैं जो इलाके में निर्णायक हैं।

कूचबिहार से सटी जलपाईगुड़ी सीट पर टीएमसी उम्मीदवार निर्मल कुमार राय का मुकाबला भाजपा के जयंत कुमार राय से है। इस संसदीय इलाके में दलितों और आदिवासियों की भरमार है। ज्यादातर चाय बागान भी इसी इलाके में हैं। पिछली बार जयंत राय ने करीब 1.85 लाख वोटों के अंतर से यहां जीत हासिल की थी।

भाजपा की ताकत की काट के तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजबंशी समुदाय के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की है। इनमें राजबंशी समुदाय के लिए अलग प्राथमिक स्कूलों की स्थापना और समुदाय के समाज सुधारक पंचानन बर्मा की जयंती पर सरकारी अवकाश की घोषणा करना शामिल है। ममता ने चाय बागान मजदूरों की मांगों पर विचार करने और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का भी भरोसा दिया है। भाजपा ने अलीपुरदुआर सीट पर अपने पिछले विजेता और केंद्रीय मंत्री जॉन बारला की जगह पार्टी के जिला प्रमुख मनोज तिग्गा को मैदान में उतारा है। इससे पार्टी में कुछ असंतोष है। बारला इस बार भी टिकट की आस लगाए बैठे थे। टीएमसी यहां इसी असंतोष को भुनाने का प्रयास कर रही है। तृणमूल कांग्रेस ने इस सीट पर बीते पांच वर्षों के दौरान अपनी स्थिति कुछ मजबूत की है। पार्टी के राज्यसभा सदस्य प्रकाश चिक बारिक की इलाके के चाय बागान मजदूरों पर खासी पकड़ है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इलाके में गोरखा, कोच-राजबंशी और कामतापुरी जैसे जातीय समूहों के समर्थन ने भाजपा के पैरों तले की जमीन को मजबूत बनाया है। भाजपा वर्ष 2009 से ही गोरखा समुदाय के समर्थन से दार्जिलिंग सीट जीतती रही है।  जहां तक मुद्दों का सवाल है पहले दौर में जिन सीटों पर मतदान होना है वहां अलग केंद्रशासित प्रदेश की मांग के अलावा नागरिकता (संशोधन) कानून और चा बागानों और उशके मजदूरो की दुर्दशा ही सबसे बड़ा मुद्दा है। दोनों प्रमुख दावेदार यानी भाजपा और टीएमसी इलाके के विकास के लिए अपनी योजनाओं का जिक्र करते हुए लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पहले दौर में भाजपा के सामने इन सीटो को बचाए रखने की चुनौती है। तृणमूल कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। अगर वह इन तीनों में से एक भी सीट भाजपा से छीन लेती है तो इसे उसकी बड़ी कामयाबी माना जा सकता है ।

**साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# टेडी बियर द्वारा शतप्रतिशत मतदान किए जाने का किया प्रचार-प्रसार

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले के नगर पालिका परिषद बनखेड़ी द्वारा शुक्रवार 12 अप्रैल को बनखेड़ी के बाजार क्षेत्र में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए मनोरंजन टेडीबियर मोटू पतलू, मिक्की माउस, गुल्लू के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में मतदान संबंधी पंपलेट बांटे गए एवं पंपलेट देकर नागरिकों को मतदान दिवस के मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मतदाता जागरूकता के नारे भी लगाए गए। मतदाता जागरूकता अभियान में नगर परिषद बनखेड़ी सीएमओ संतोष रघुवंशी, स्वीप नोडल अरविन्द कुमार सराठे सहित समस्त नगर परिषद बनखेड़ी के कर्मचारीगण और अधिक संख्या में स्थानीय मतदाता जन उपस्थित रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने वार्डों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नर्मदापुरम जिले के नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा नगरीय क्षेत्र के विगत वर्ष कम मतदान प्रतिशत वाले वार्डों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शुक्रवार 12 अप्रैल को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ और बीएलओ ने नगर के वार्डों में जाकर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम किए और रैली निकाली। रैली में मतदाता जागरूकता बैनर, पोस्टर, तख्ती एवं प्रचार रथ भी शामिल रहा। रैली में मतदाता जागरूकता नारे भी लगाए गए एवं मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने बताया कि स्वीप गतिविधि के अंतर्गत नगर पालिका ने बैनर तैयार कराये हैं जिनमें मेरी शान, वोट का निशान, इटारसी करेगा वोट, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, लोकतंत्र का मान करें, शत प्रतिशत मतदान करें जैसे कई स्लोगन लिखे हुए हैं। नगर पालिका परिषद और महिला बाल विकास विभाग की टीम ने नगर के कई वार्डों में जाकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

### बीजनवाड़ा में कल 14 अप्रैल को आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कार्यक्रम स्थल की एक हजार मीटर की परिधि में गतिविधियों पर रहेगा प्रतिबंध

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

**नर्मदापुरम जिले के बीजनवाड़ा पिपरिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कल 14 अप्रैल 2024 को कार्यक्रम प्रस्तावित है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि प्रधानमंत्री के उक्त कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के हेलीपेड व संपूर्ण कार्यक्रम स्थल की एक हजार मीटर की दूरी की परिधि अंतर्गत समाहित संपूर्ण परिक्षेत्र में किसी भी आकार, प्रकार एवं वजन के ड्रोन, पैराग्लाईडर, यूएवी इत्यादि का किसी भी ऊँचाई पर, किसी भी प्रयोजन एवं किसी भी उद्देश्य से उड़ाना एवं परिचालन करना या करवाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। उक्त परिक्षेत्र में ऐसी गतिविधियों का संचालन किये जाने पर संबंधित उपकरणों को नष्ट या जप्त किया जाकर संचालनकर्ता एवं मालिक के विरूद्ध ड्रोन रूल 2021 का उल्लंघन करना माना जाकर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।**

## कार्यक्रम स्थल के विभिन्न पॉइंटो पर अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी



**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले के तहसील पिपरिया में प्रधानमंत्री का 14 अप्रैल 2024 को कार्यक्रम प्रस्तावित है। उपायुक्त राजस्व नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम ने बताया है कि आयुक्त नर्मदापुरम संभाग डॉ.पवन कुमार शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के उक्त कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के हेलीपैड व अन्य विभिन्न पाइंटो पर प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 30 कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कार्यक्रम सभा स्थल सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के सामने पिपरिया में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत मोबाईल नंबर 9098797967 को अपनी उपस्थित दे एवं 14 अप्रैल 2024 को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम समापन व उनके स्थल से रवाना होने तक कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे एवं समस्त समस्त वीआईपी, वरिष्ठ अधिकारियों के प्रस्थान उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से अनुमति उपरांत कर्तव्य स्थल से जाना सुनिश्चित करें।

# शासकीय अस्पताल में समाजसेवियों की उपस्थिति में सुपोषण कार्यक्रम आयोजित

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।




महिला एवं बाल अधिकार कार्यकर्ता श्रीमती प्रेमलता तोमर समाजसेवी डॉ.मयंक तोमर के साथ कुपोषण के खिलाफ जंग लड़ रहे बच्चों के बीच खाद्य सामग्री वितरित करने के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचीं. श्रीमती तोमर ने कहा कि हमें समाज से इस समस्या को खत्म करने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे,इस अवसर पर डॉ.तोमर ने ईद उल फितर और नवरात्रि की शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस टीम के प्रमुख शेर सिंह बड़कुर सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

# केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक ने गौहरगंज में व्हीव्हीटी तथा व्यय लेखा कक्ष का किया निरीक्षण




**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मेहुल भारत जैन द्वारा आज भोजपुर विधानसभा में गौहरगंज स्थित व्हीव्हीटी टीम तथा व्यय लेखा दल कक्ष का निरीक्षण किया गया। उन्होंने व्हीव्हीटी टीम तथा व्यय लेखा दल से अभी तक की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और गंभीरता से दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कहा। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नरवाई जलाने से फसल उत्पादन में आती है कमी

**सीहोर।** किसानों द्वारा गेंहूँ फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। किसानों से कृषि विभाग ने आग्रह किया है कि किसान गेंहूँ की नरवाई नही जलाये। इसके लिए प्रशासन द्वारा पूर्व से ही गेंहूँ की नरवाई जलाये जाना प्रतिबंधित किया गया हे। किसान गेंहू फसल के ठूठ नरवाई को जलाने से खेत की उर्वरक क्षमता में कमी आती है। गेंहूँ की नरवाई को रोटेवेटर की सहायता से खेत की मिटटी में मिलाये इससे नरवाई मिटटी में मिलाने से देशी खाद का काम करता है और फसल के उत्पादन में वृद्धि होती है। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर किसान भाई को नरवाई न जलाने की सलाह एवं समझाइश निरंतर दी जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि विभाग के अधिकारी अपने निरन्तर भ्रमण के दौरान किसानों को समझाइश दे रहे है कि किसान अपने खेत की नरबाई नही जलाये और नरवाई नही जलाने के फयदे बता रहे है। किसान अपने खेत की नरवाई जलाने के स्थान पर रोटेवेटर चलाकर नरवाई खेत की मिटटी में मिलाये नरवाई मिटटी में मिला देने से खाद का काम करता है। किसान खेती को लाभ का धंधा बनाने के गेहूं के नरवाई को जलाने की बजाय उसे खेतों की मिट्टी में ही मिला दिया जाए जिससे खेत में फसलों को नुकसान भी नहीं होगा और फसल की पैदावार भी अच्छी होगी।

# निजी स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तकों, यूनिफार्म एवं शैक्षणिक सामग्री क्रय के लिए पालकों पर अनुचित दबाव न बनाएं

सीहोर, दोपहर मेट्रो।

निजी स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तकों, यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के ऋस करने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव न बनाया जाये। इस आशय के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गत दिवस जारी किये गये है। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ओ एल मण्डलोई ने समस्त कलेक्टर को पत्र के माध्यम से कहा है किकतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, एससीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री ऋय करने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव बनाया जाकर विषयवार एनसीईआरटी, सीबीएसई, एससीईआरटी मुद्रित व निर्धारित पाठ्यक्रम की पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की पाठ्य पुस्तकों को चयन कर अभिभावक को दुकान विशेष,निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म ऋय करने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किया जा रहा है।



स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ओ एल मण्डलोई.द्वारा गत दिवस जारी निर्देश में निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम , 2017 के तहत म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के तहत संज्ञान में लिया जाये। म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 में स्पष्ट उल्लेख है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावक को पुस्तके, यूनिफार्म, टाई, जूते कॉपी आदि केवल चयनित विकताओं से कय करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से कय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। इस आशय की शिकायते प्राप्त होने की स्थिति में नियम 2020 के नियम 9 में वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित विद्यालय के विरुद्ध आवश्यक शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाये।

# कलेक्टर ने उपार्जित गेंहू को वर्षा से बचाने के दिए निर्देश

**सीहोर ।** कलेक्टर ने रबि सीजन में गेहू खरीदी कार्य की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अभी तक 33064 किसानों से 257839.37 मे. टन गेंहू की खरीदी की जा चुकी है। जिले में 231 केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में कुल 88991 किसानों ने उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। उन्होंने वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए असमय होने वाली वर्षा से उपार्जित गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने किसानों की गेहूं की तौल शीघ्रता से करने के लिए उपार्जन केन्द्रों पर अतिरिक्त तौल कांटे एवं हम्मालों, तुलावटी की व्यवस्था समिति के माध्यम करने तथा गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जित गेहूं को उपार्जन दिवस में ही गोदाम में भण्डारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम को उपार्जन के दौरान 'ए' मोड में गेहूं परिदान हेतु चिन्हित समिति स्तरीय केन्द्रों अथवा अन्य समिति स्तरीय केन्द्रों पर भी यथसम्भव कवर्ड स्थान पर गेहूं खरीदी की जाए, ताकि उपार्जित गेहूं को वर्षा से बचाया जा सके। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की तौल के उपरांत बारदानों की तत्काल सिलाई कर ऊंचे पक्के स्थान पर स्टेकिंग लगाकर रखी जाए एवं वर्षा से बचाव के लिए तिरपाल आदि से कवर किया जाए । कलेक्टर ने किसानों के गहूं को उपार्जन केन्द्र परिसर में लूज में संग्रहित नही कराने एवं गुणवत्ता परीक्षण में एफएक्यू पाए गये गेहूं को बोरों में भरकर रखे जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र के परिसर में वर्षा के पानी का भराव न हो यह सुनिश्चित कर लिया जाए।

**मेट्रो** बिजली चोरी की रोकथाम के लिए पारितोषिक योजना

# बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिला 2 लाख रुपये का पारितोषिक

सीहोर, दोपहर मेट्रो।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के उपरांत, 27 प्रकरणों में, अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि रूपये 20 लाख की शत-प्रतिशत वसूली होने पर, लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गयी है।



कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा. संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। कंपनी की वेबसाइट श्चश्वह्लह्लड्डद्य.श्चद्बष्5.द्बठ्ठ पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर, बिल की राशि के दस प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है। योजना के अंतर्गत सूचनाकर्ता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए कंपनी द्वारा सतत रूप से निगरानी रखी जाती है। फर्म, एजेंसी, संगठन भी सूचनाकर्ता हो सकते है, जिन्हें कंपनी मुख्यालय में पदस्थ नोडल अधिकारी के माध्यम से पंजीकरण कराना आवश्यक है।

### पोर्टल अथवा उपाय एप पर देनी होगी सूचना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना सूचनाकर्ता को निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि कंपनी मुख्यालय द्वारा सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। वर्तमान में इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है तथा कंपनी वेबसाइट श्चश्वह्लह्लड्डद्य.द्बश्चष्5.द्बठ्ठ पर जाकर द्बठ्ठद्घश्ब्ह्मद्वद्गह्म ह्यष्द्धद्गद्वद्ग लिंक पर क्लिक करके, सूचनाकर्ता के द्वारा गुप्त सूचना दर्ज की जा सकती है। इसके अतिरिक्त उपाय एप्प के माध्यम से भी बिजली चोरी की सूचना दी जा सकती है।





# काली घटाओं के साथ डेढ़ घंटे तक हुई झमाझम बरसात

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार -शुक्रवार की रात्रि में भी बारिश हुई थी वहीं सुबह से ही आसमान पर बादलों की लुका छुपी का दौर चल रहा था दोपहर के बाद तो एकदम से काली घटाओं ने आसमान को ढेर जाम लिया तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर भी प्रारंभ हो गया लगभग डेढ़ घंटे तक बारिश होने से गर्मी के दिनों में बारिश जैसा नजारा प्रतीत होने लगा कभी हल्की तो कभी तेज बारिश लगातार होती है ।इसकी वजह सड़क भी सुनी हो गई निचली बस्तियों में पानी ही पानी दिखाई दे रहा था दूसरी ओर हवा चलने के कारण बैनर पोस्टर ताश के पत्तों की तरह उड़ते हुए दिखाई दिए इसी तरह माहमाई मंदिर पर लग रहे मेले में दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ गई बारिश तथा तेज हवा के कारण कई दुकानदारों के समान उड़ गए बारिश थमने के बाद सामान को समेट कर दोबारा से दुकानदारी जमाने का काम इनके द्वारा किया गया इसी तरह समर्थन मूल्य पर खरीददारी भी बारिश के कारण प्रभावित हुई वेयरहाउस पर खरीदारी होने के कारण अनाज तो गीला होने से बच गया पर जो किसान अपनी उपज लेकर गए थे। उन्हें जरूर पानी के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ा फसल को गीला होने बचाने के लिए तिरपाल आदि का सहारा लेना पड़ा बरसात होने से तापमान में गिरावट होने से गर्मी से भी मुक्ति मिल गई ।

### कई घंटे बिजली रही गुल सिरोंज

बे मौसम बरसात में ही बिजली गायब हो गई बारिश थमने के बाद भी काफी देर तक बिजली की लुका छुपी का दौर चलता रहा इसके कारण जहां व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हुआ वहीं घरों में अंधेरा छायने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा काफी समय के बीत जाने के उपरांत बाद बिजली आई तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली ।वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि अभी तो मानसून की बारिश प्रारंभ नहीं हुई है गर्मी का दौर चल रहा है इस मौसम में बारिश के कारण बिजली गुल हो गई जब बरसात आएगी तब क्या होगा।

प्रथम प्रशिक्षण में बिना किसी सूचना

# अनुपस्थित रहने वाले 20 कर्मचारियों को थमाया शोकाज नोटिस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जारी प्रथम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 20 कर्मचारियों को शोकाज नोटिस जारी किये हैं। जिन कर्मचारियों को शोकाज जारी किये गये हैं। उनमें विदिशा विकासखंड के पांच तथा बासौदा विकासखंड के 15 कर्मचारी शामिल हैं।

प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने वाले जिन कर्मचारियों को शोकाज नोटिस जारी किया गया है,उनमें बासौदा विकासखंड के लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री गिरीश चंद शर्मा,नगर परिषद बासौदा के लेखापाल अशोक वर्मा,सा.वन मंडल सहायक ग्रेड 3 गायत्री देवी कुशवाहा, पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा सहायक डॉक्टर ज्योति शाक्य तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित विदिशा की कंप्यूटर ऑपरेटर सोनम राठौर शामिल हैं।

इसके अलावा विदिशा विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगंज क्रमांक दो की ललिता सक्सेना,पं. ग्रा. वि. वि. विदिशा के परियोजना अधिकारी रामनाथ चंदेले,एसएटीआई डिग्री विदिशा के सहायक प्रोफेसर अजय कुमार गोयल,स.सं.मतस्य वि.विदिशा के स.म. अधि.प्रांजल अहिरवार,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवखजूरी के प्रवीण शुक्ला,पीएचई विदिशा के सहायक ग्रेड तीन बैजनाथ प्रजापति, अटल बिहारी वाजपेई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा के सहायक ग्रेड तीन सुमित सोनी, खंड चिकित्सा अधिकारी पीपलखेड़ा के फॉर्मा करीम खान,शासकीय महाविद्यालय विदिशा के सहायक ग्रेड तीन वीर सिंह रघुवंशी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शेरपुरा विदिशा की अध्यापक अनीता श्रीवास्तव, भृत्य अंकित आदिवासी,अटल बिहारी वाजपेई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा के सहायक ग्रेड तीन प्रशांत सोनी,इंडियन बैंक खरी फाटक विदिशा चतुर्थ श्रेणी जीवन सिंह,एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा प्राथमिक शिक्षक रमा शर्मा तथा नगर पालिका विदिशा के स्थाई कर्मी लीलाधर कुशवाहा शामिल हैं।

आज रात्रि दस बजे से होगी विशाल भजन संध्या, लता परदेशी के भजनों पर झूमेंगे श्रद्धालु

# महामाई की रात्रि में होने वाली नित्य आरती में उमड़ रही भक्तों की भीड़





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर से छह किलोमीटर दूर महामाई मंदिर पर पर इन दिनों श्रद्धा भक्ति और उत्सव का मिला जुला नजारा देखने को मिल रहा है। सुदूर जंगल के बीचों बीच पहाड़ी पर बसी होने के कारण इस धार्मिक और सिद्ध स्थल को डाँग वाली मैया भी कहा जाता है। चैत्र नवरात्रि उत्सव के दौरान मैया के दरबार मे प्रतिदिन रात्रि साढ़े आठ बजे होने वाली संध्या आरती में धर्मलाभ लेने के लिए क्षेत्र और आसपास से हजारों श्रद्धालु एकत्रित हो रहें है। मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा एवं उनके पुत्र पंडित सर्वेश शर्मा के श्रीमुख से संगीतमय रूप से होने वाली मैया की आरती ओर आराधना का इन दिनों विशेष महत्व रहता है। इसके अलावा भोर में चार बजे होने वाली मंगला आरती में भी श्रद्धालु सहभागिता करते है।

सबका कल्याण करने वाली नगर की आराध्य देवी महामाई और उनके दरबार मे महामाई सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को व्यवस्थित कतारबद्ध करके दर्शन कराने के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। महामाई की पहाड़ी पर की गई आकर्षक विधुत सज्जा ओर समूचे रूप से की गई विशेष साज सज्जा के बीच श्रद्धालु परिवार के साथ पहुँचकर धर्म लाभ लेने के साथ मनोरंजन के लिए लगाए गए मेले में झूलों ओर खरीददारी का भी आनंद ले रहे है। विशाल स्तर पर फैले इस महामाई के मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए समिति द्वारा विशेष इंतजाम कर सदस्यों द्वारा प्रतिदिन उनका निरीक्षण एवं समीक्षा भी की जाती है।

### लता के भजनों संग भक्त करेंगे रात्रि जागरण

मातारानी के दरबार में आज विशाल भजन संध्या एवं रात्रि जागरण का कार्यक्रम होगा। दिल्ली की प्रसिद्ध भजन गायिका लता परदेशी अपने सुमधुर देवी भजनों से रात भर मैया के दरबार मे अपनी हाजिरी देंगी। मंदिर में मैया की नित्य होने वाली आरती के उपरांत रात्रि दस बजे से प्राँगण में बने मंच पर यह भजनसंध्या प्रारम्भ होगी। समिति के सदस्यों द्वारा देवी जागरण का प्रचार प्रसार भी ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महामाई पर आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले में परंपरागत रूप से देवी जागरण का आयोजन भी किया जाता है। इस बार यह आयोजन पंचमी तिथि शनिवार को होगा। महामाई सेवा समिति ने अधिक से अधिक सँख्या में मैया के भक्तों से इस देवी जागरण में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### महामाई को चढ़ाने भूतेश्वर मंदिर से निकलेगी चुनरी यात्रा

महामाई मंदिर परिसर में यहाँ की स्थानीय सेवा समिति के माध्यम से होने वाले आयोजनों के अलावा भी नगर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों से मातारानी के भक्त भी अपनी श्रद्धा आस्था के अनुरूप आयोजन करते है। इसी श्रृंखला में विगत अनेक वर्षों से स्थानीय भूतेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा चुनरी यात्रा का आयोजन प्रारम्भ किया है। अनेक सामाजिक महिला संगठनों के द्वारा शामिल होकर निकलने वाली इस चुनरी यात्रा में माता को चढ़ाने साड़ियां भेंट की जाती है जिनको जोड़कर श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से पदयात्रा करते हुए निकाली जाने वाली यह चुनरी यात्रा शाम चार बजे भूतेश्वर मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई महामाई मंदिर पहुँचेगी।

# ईवीएम की बारीकियों से मतदान कर्मियों को कराया अवगत




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों को एईवीएम की हर बारीकी से अवगत कराने के लिए। गुरुवार से बीआरसी भवन में खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है जिसमें समस्त मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन चलाने की जानकारी प्रदान की जा रही है। जिसमें मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रतिक्षण बारीकी के साथ दिया जा रहा है, किस तरीके से मशीन को चालू करना है कैसे बीपी पेट से मशीन कनेक्ट होगी उसकी सभी बारीकियां के बारे में विस्तार से ट्रेनिंग के दौरान जानकारी दी जा रही है। वही प्रतिक्षण 17 अप्रैल तक चलेगा।

### कृषि उपज मंडी बंद होने से बाजार की रौनक गायब

**सिरोंज।** कृषि उपज मंडी में अवकाश होने के कारण बाजार की रौनक भी पूरी तरह से गायब हो गई। गुरुवार से लगातार सोमवार तक मंडी बंद रहने से आने वाले समय में बाजार की पूरी चहल पहल गायब रहेगी जब किसान अपनी फसल बेचने के लिए मंडी में आते हैं तो बाजार में भी रौनक होती है ।मंडी बंद होने से किसान खरीददारी करने नहीं आते हैं यहां का बाजार पूरी तरह से किसाने के लेनदेन से ही चलता है।

### जिले में 15 एसएसटी टीम, 5 व्हीएसटी तथा 15 एफ एसटी टीम करेंगी निगरानी

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन 2024अंतर्गत विदिशा के अन्य सीमावर्ती जिलों के चेक पॉइंट पर सतत निगरानी रखे जाने हेतु जिले में विधानसभा वार एसएसटी, व्हीएसटी और एफएसटी टीमें बनाई गई हैं।

जिले की पांचो विधानसभाओं में कुल 15एसएसटी टीमें बनाई गई हैं जिनमें प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन टीमें शामिल हैं। प्रत्येक विधानसभा में बनाई गई तीन-तीन टीमों में क्रमशः 9-9अधिकारी, कर्मचारी लगाए गए हैं। इस प्रकार जिले की पांचो विधानसभाओं में कुल 15एसएसटी टीम में 45अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा के लिए एक-एक व्हीएसटी टीम भी बनाई गई हैं। इसके अलावा जिले में प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन एफएसटी टीम इस प्रकार कुल 15एफ एसटी टीमें बनाई गई है जिनमें प्रत्येक विधानसभा के लिए 9-9इस प्रकार कुल 45अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। साथ ही साथ एसएसटी, व्हीएसटी और एफएसटी टीम के लिए कुल 35 अधिकारी कर्मचारियों को रिजर्व में भी रखा गया है।

18 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी की नामांकन रैली में जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

# लोकसभा के प्रभारी एवं संयोजक ने ली विधानसभा के तीनों मंडलों की बैठक




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले देवपुर,चितावर एवं सिरोंज नगर मण्डल की मंडल कार्यसमिति की इस बैठक में सागर लोकसभा के प्रभारी जयप्रकाश चतुर्वेदी ने विगत दिनों भाजपा के स्थापना दिवस आयोजन की प्रत्येक मंडल के बूथ केंद्र स्तर की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की रीढ़ है जिनकी बदौलत आज पूरे देश के सत्रह राज्यों में हमारी जनकल्याणकारी सरकारें काम कर रही हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश ने विश्व मे अपनी प्रभावी पहचान स्थापित की है और विश्व के अनेक शक्तिशाली देश आज हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहें है। प्रत्येक क्षेत्र में हमारी सरकार ने देश मे रहने वाले नागरिकों में सुरक्षा की भावना स्थापित करने के साथ सर्वांगीण विकास की बदौलत विश्वास अर्जित करने का काम किया है जिसकी वजह से नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहें हैं। यह चुनाव हम केवल जीतने के लिए नही बल्कि इतिहास बनाने के लिए लड़ रहें है। सागर लोकसभा की प्रत्याशी लता बाँनखेड़े को हम लोकसभा की आठों विधानसभाओं में से हम अपनी विधानसभा से सबसे ज्यादा मतों से जिताएंगे। इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने मतदान केंद्रों पर कांग्रेस मुक्त बूथ बनाने के लिए प्रयास करना है। बैठक को लोकसभा के संयोजक एवं प्रदेश मंत्री प्रभुलाल पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 18 अप्रैल को हमारी लोकसभा की प्रत्याशी लता बानखेड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ अपना नामांकन जमा करेंगी। इस नामांकन रैली में हम अपनी विधानसभा के सभी मंडलो से कार्यकर्ताओ के साथ सहभागिता करेंगे। इसके पूर्व बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक का संचालन विधानसभा के संयोजक कैलाश शर्मा एवं आभार मंडल अध्यक्ष पारस तारण ने व्यक्त किया। इस अवसर पर लोकसभा के विस्तारक आशुतोष शर्मा, विधानसभा विस्तारक राहुल मारण, जिला मंत्री दिनेश शर्मा,मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी,चरण सिंह राजपूत,रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव,संतोष चौरे, संजीव माथुर, हमीर सिंह यादव चांदमल जैन,नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा सहित तीनो मंडल की मंडल कार्यसमिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

श्री राम अवतार, मैया के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

# श्री महामाई मेले में चल रही रामलीला में, मनु-शतरूपा को वरदान प्रसंग की प्रस्तुति दी गई



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

श्री महामाई माता (डॉगवाली) के जागृत दरबार में चैत्र नवरात्रि पर चल रही रामलीला में बुधवार की रात्रि में मनमोहन रूप से कलाकारों ने मनु-शतरूपा प्रसंग की प्रस्तुति हुई। देर रात्रि तक चली इस लीला में कथावाचक पं. कृष्णमुरारी व्यास एवं कलाकारों द्वारा अभिनय एवं संवादों के माध्यम से रामलीला के प्रसंगों का मंचन किया भक्ति भाव के साथ संगीत में रामलील रासलीला माधुरी संस्थान के कलाकारों द्वारा बताया गया कि महाराज स्वयं-भू मनु और शतरूपा की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर श्री हरि बिष्णु उन्हें वरदान देते हैं। इनके दूसरे जन्म में वह अयोध्या के राजा दशरथ के घर राम के रूप में जन्म लेते हैं। वहीं सम्पूर्ण नगरवासी उत्सव मनाते हैं बधाईयॉ एवं मिठाई बॉटते हैं। रामलीला के बीच में मंडली के सखी भाव रखने वाले कलाकारों द्वारा भी सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति भी दी गई।

### विशाल मेले में भी उमड़ रही है भारी भीड़

श्री महामाई माता मंदिर पर चल रहे 15 दिवसीय विशाल मेले में भी प्रतिदिन भारी भीड़ दिखाई दे रही है। मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु आकर्षक झूले, मीना बाजार एवं बड़ी संख्या में अन्य दुकानें लगाई गयी है जिसमें बड़ी संख्या बच्चे, महिला एवं पुरूषों की भारी भीड़ पूरे समय दिखाई दे रही है। मेला समिति द्वारा भी इस हेतु पूर्व से ही व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए रामलीला जैसे आयोजन जरूरी है- उमाकांत शर्मा

महामाई सेवा समिति सदस्य एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने भी श्री राम-दरबार एवं व्यास गादी की पूजन अर्चन करते हुए कहा कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री महामाई दरवार में आयोजित होने वाले यह उत्सव सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा हेतु बहुत आवश्यक हैं। हमें आने वाली पीढ़ी को आदर्श एवं मर्यादित जीवन जीने की शिक्षा देने के लिए रामचरित मानस और रामलीला जैसे उत्सवों से जोड़ने होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सनातन धर्म के समस्त लोगों के लिए है और आपके सहयोग से ही यह सफलता प्राप्त करता है। इसके अलावा रात्रि में होने वाली मां मैया की आरती में बड़ी संख्या में भक्ति और पहुंचकर सम्मिलित हो रहे हैं दूसरी ओर मेले में भी रौनक बढ़ने लगी है रात्रि में यहां का नजारा देखते ही बनता है। इस दौरान बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

# अगले साल लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होना है और मुझे उम्मीद है कि हम उसमें जगह बनाएंगे: रोहित शर्मा

## डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2027 वनडे विश्व कप खेलने पर टिकी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल और फिर वनडे विश्व कप के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। दोनों ही बार भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में थी। विश्व कप में मिली हार को अब छह महीने होने जा रहे हैं, लेकिन फैंस के दिलों में उस हार का दर्द अब भी मौजूद है। रोहित के भविष्य को लेकर काफी बातें कही जाती रही हैं, लेकिन उन्होंने संकेत दिए हैं कि उनकी नजर अगले साल होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2027 वनडे विश्व कप खेलने पर टिकी हैं। 36 वर्षीय रोहित 2007 टी20 विश्व कप की विजेता टीम का हिस्सा रहे थे, लेकिन उन्होंने कहा कि 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। रोहित ने कहा, मैं फिलहाल अच्छा खेल रहा हूं और मुझे ऐसा लगता है कि आगे भी कुछ वर्षों तक खेल सकता हूं। मुझे वाकई 2023 विश्व कप जीतना चाहता था। 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। हम वनडे विश्व कप को देखकर ही बड़े हुए हैं।




### फाइनल की हार से अबतक नहीं उबर सके

भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप फाइनल में मिली हार को करीब छह महीने बीत गए हैं, लेकिन रोहित का कहना है कि यह हार ऐसी है जिससे वह अबतक नहीं उबर सके हैं। उन्होंने कहा, विश्व कप का आयोजन भारत में हो रहा था। फाइनल तक हमने बेहतरीन क्रिकेट खेला। जब हम सेमीफाइनल जीते तो मुझे लगा कि हम अब ट्रॉफी जीतने से एक कदम दूर हैं। मैं सोचता रहा कि वो कौन सी एक चीज है जिस कारण हम फाइनल में हारे और ईमानदारी से कहूं तो मेरे दिमाग में कुछ भी नहीं आया। हमने अच्छा क्रिकेट खेला और आत्मविश्वास भी था, लेकिन वो खराब दिन था और ऑस्ट्रेलिया का अच्छा दिन था। मुझे नहीं लगता कि हमने फाइनल में खराब क्रिकेट खेला।

### 'आईपीएल काफी आगे बढ़ गया है'

रोहित उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जो 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं और उन्होंने एक भी सीजन मिस नहीं किया है। रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट में अब कोई कमजोर टीम नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले एक दशक में आईपीएल काफी आगे बढ़ गया है और सभी टीम अब प्रतिस्पर्धी हो गई है। मुझे नहीं लगता कि आईपीएल में कोई कमजोर टीम है। यह ईपीएल के फर्स्ट डिविजन टीम की तरह है जहां कोई भी टीम किसी को हरा सकती है। लेकिन यह शुरुआत में वैसा नहीं था। अब इसमें काफी तकनीक आई गई है जिससे लोगों को समझ आ रहा है कि कहां सुधार करना है इसलिए वे नीलामी में सही खिलाड़ियों का चयन कर रहे हैं।

### महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में आज पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला

# राजस्थान 4 जीत के साथ टेबल टॉपर, पंजाब आठवें नंबर पर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आज मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। पंजाब पांच में से दो मैच जीतकर 8वें पायदान पर है। वहीं, राजस्थान अपने पांच मैचों में से सिर्फ एक मुकाबला हारा है। अंक तालिका में नंबर एक पर है। दोनों टीमें एक बार फिर जीत की राह पर लौटना चाहेंगी। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वे पांच पारियों में तीन अर्धशतक के साथ 246 रन बना चुके हैं। ऐसे में टीम को संजू से अच्छी पारी की उम्मीद होगी। संजू सैमसन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 21 पारियों में 39 के औसत और 144 की स्ट्राइक रेट से 702 रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और दो पचासा लगाया है। सैमसन पंजाब के खिलाफ 3 बार नाबाद रहे हैं। ऐसी हो सकती है पंजाब और राजस्थान की प्लेइंग इलेवन, देखें हेड टू हेड, पिच रिपोर्ट और ड्रीम11 पंजाब किंग्स को पावरप्ले के लिए रणनीति तैयार करनी होगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पंजाब किंग्स के नाम पावरप्ले में सबसे कम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।




### जानिए... प्वॉइंट्स टेबल में कौन-सी टीमें किस नंबर पर

कोलकाता नाइट राइडर्स 4 मैच खेलकर 6 प्वॉइंट्स से दूसरे नंबर पर है। इसके बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस हैं। इन टीमों 6-6 प्वॉइंट्स हैं। शिखर धवन के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स 5 मैचों में 4 प्वॉइंट्स से 7वें नंबर पर है। मुंबई इंडियंस के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स के 2-2 प्वॉइंट्स हैं। हालांकि बेहतर नेट रन रेट होने से मुंबई इंडियंस 8वें, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 9वें और दिल्ली कैपिटल्स 10वें नंबर पर है।

### डेब्यू मैच में 29 गेदों में जड़े 50 रन

मैच में पंजाब ने पावरप्ले में 27/3 रन बनाए थे। इससे पहले इसी सत्र में राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में 31 रन बनाए थे। दिल्ली कैपिटल्स को मिला तूफानी बल्लेबाज, डेब्यू मैच में जड़ा पचास, 29 गेदों में लगा चुका है। पंजाब किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स हेड टू हेड पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच अब तक 26 आईपीएल मैच खेले गए हैं। पीबीकेएस ने 11 और आरआर ने 15 जीके हैं। राजस्थान के खिलाफ पंजाब का उच्चतम स्कोर 223 है, जबकि पीबीकेएस के खिलाफ आरआर का हाईस्कोर 226 है। दोनों के बीच पिछले 5 मैचों में पंजाब किंग्स ने दो में जीत दर्ज की है। इन टीमों का आखिरी मैच 2023 में हुआ था। तब राजस्थान रॉयल्स ने 4 विकेट से जीत दर्ज की थी। देवदत्त पडिक्कल प्लेयर ऑफ दे मैच थे।

### तीरंदाजी विश्व कप

# पहला चरण 21 से 28 अप्रैल तक चाइना के शंघाई में



**नईदिल्ली, एजेंसी**

सोनीपत में ट्रायल के बाद तीरंदाजी विश्व कप के पहले दो चरणों के लिए 16 सदस्यीय टीम और पेरिस ओलंपिक के लिए एक अस्थाई टीम की घोषणा की गई। तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी विश्व कप और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए आयोजित हुए भारतीय महिला रिकर्व चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

आपको बता दें कि आगामी तीरंदाजी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए एक अस्थाई टीम तैयार करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल के बाद तीरंदाजी विश्व कप 2024 के पहले दो चरण के लिए 8 रिकर्व और 8 कंपाउंड तीरंदाज समेत कुल 16 तीरंदाजों का चयन किया गया है।

रिकर्व तीरंदाजी में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारत की 8 सदस्यीय अस्थाई टीम की घोषणा की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण के तीरंदाजी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक संजीव सिंह ने पीटीआई से कहा, यह (रिकर्व) टीम अस्थाई है (ओलंपिक के लिए), और हम विश्व कप के पहले दो चरणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर एक या दो बदलाव कर सकते हैं। कमोलिका बारी ने भी तीरंदाजी विश्व कप में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। बगदाद में होने वाले एशिया कप के लिए जनवरी में कोलकाता में हुए चयन ट्रायल में भी दीपिका ने शीर्ष स्थान हासिल किया था। साल 2022 में मां बनने के बाद, वापसी करते हुए दीपिका ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय इवेंट के व्यक्तिगत वर्ग समेत टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। इस बीच, तीरंदाजी में पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का अब तक का एकमात्र कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुष रिकर्व प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# चमकीला बनकर छाए दिलीजत दोसांझ, लोगों ने बताया 'बेस्ट बायोपिक'

इम्तियाज अली की मच अवेटेड फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है. जबसे इसकी घोषणा हुई है, फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. पंजाब के ऑरिजिनल रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह की जिंदगी को फिल्म में दिखाया गया है, जिसका किरदार दिलजीत दोसांझ ने निभाया है. तो वहीं परिणीति चोपड़ा उनकी पत्नी की भूमिका में हैं. वहीं अब लोगों ने इम्तियाज अली की इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू दे दिया है.

### चमकीला बनकर छाए दिलीजत दोसांझ

दर्शकों के रिएक्शन को देखने के बाद तो लग रहा है कि लोगों को अमर सिंह चमकीला की बायोपिक काफी इंप्रेसिव लगी. जी हां, फिल्म को लेकर दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की एक्टिंग के साथ-साथ इम्तियाज अली के काम को भी खूब सराहा जा रहा है. तो आइए जानते हैं किसने क्या कहा है... किसी एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा कि इम्तियाज अली इज बैक. परिणीति और



दिलीत की ये परफॉर्मेंस सालों तक याद रखी जाएगी. बता दें कि इस फिल्म के साथ इम्तियाज अली के ओटीटी पर अपना डेब्यू किया है. वहीं कई सालों से इम्तियाज अली की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही थी. उनकी पिछली दो फिल्में 'जब हैरी मेट सेजल' और 'लव आज कल' फ्लॉप साबित हुई थीं. ऐसे में डायरेक्टर को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं.

**कौन थे अमर सिंह चमकीला?:** अमर सिंह चमकीला को पंजाब के ऑरिजिनल रॉकस्टार कहा जाता था. वे एक फोक सिंगर थे. उनके गानों ने हाईएस्ट रिकॉर्ड सेलिंग का रिकॉर्ड बना डाला था. उनका जन्म 1960 में पंजाब में हुआ था. बचपन से ही उन्हें गाने का शौक था. महज 20 साल की उम्र में अमर ने वो शोहरत हासिल कर ली थी, जिसे पाने में लोगों की उम्र बीत जाती है. लेकिन 27 साल में उनकी हत्या कर दी गई।

### अब जीरो से रीस्टार्ट ला रहे डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा

फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा ने अब अपने प्रतिष्ठित बैनर विनोद चोपड़ा फिल्म्स के तहत अपने नवीनतम प्रोजेक्ट की घोषणा की है। यह आगामी फीचर फिल्म उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर '12वीं फेल' के निर्माण के पीछे की यात्रा की एक विशेष झलक पेश करती है। फिल्म के शीर्षक से भी पर्दा उठा दिया गया है, जिसने फैंस के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। विधु विनोद चोपड़ा को उनकी बेहतरीन कहानी कहने की कला के लिए जाना जाता है। फिल्म निर्माता ने अपने फैंस के साथ रोमांचक समाचार साझा करने के लिए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल का सहारा लिया। एक आकर्षक पोस्टर के साथ, यह घोषणा फिल्म प्रेमियों के बीच उत्साह से गूंज उठी। पोस्टर में चोपड़ा को एक जीवंत भीड़ के बीच उत्साह और जुनून दर्शाते हुए दिखाया गया है, जो उनकी भावना का प्रतीक है। पोस्टर से साफ हो रहा है कि उनके अगले प्रोजेक्ट का नाम 'जीरो से रीस्टार्ट' होगा। यह '12वीं फेल' की पर्दे के पीछे की कहानी को उजागर करने, इसकी शुरुआत, निर्माण के दौरान आने वाली असंख्य चुनौतियों, संदेह और प्रतिकूल परिस्थितियों के साथ अंततः जीत पर प्रकाश डालने का वादा करती है।



# सोहेल खान बोले- जब भी सलमान खान कमरे में आते हैं मैं उठकर खड़ा हो जाता हूं...



अरहान खान के पॉडकास्ट 'दम बिरयानी' पर पहले मेहमान बने पापा अरबाज खान और चाचू सोहेल। इस दौरान दोनों ने सलमान खान के साथ अपना डीप बॉन्ड शेयर किया। दोनों ने बचपन के कई किस्से भी शेयर किए। अरहान खान के पॉडकास्ट 'दम बिरयानी' के पहले एपिसोड में अरबाज खान और सोहेल खान पहुंचे। इन दोनों ने सलमान खान के साथ अपनी बॉन्डिंग की कहानी शेयर की और बताया कि वे उन्हें कितना रिस्पेक्ट और सराहना करते हैं। सलमान, सोहेल और अरबाज अपने स्ट्रॉन्ड बॉन्ड के लिए भी खूब जाने जाते हैं। जिंदगी में अच्छे-बुरे हर दौर में तीनों हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े होते हैं। अरहान के इस पॉडकास्ट पर पापा और चाचू के अलावा कुछ फ्रेंड्स भी मौजूद थे। इस टॉक शो के दौरान अरबाज और सोहेल ने बताया कि वो सलमान के कितने करीब हैं और वे तीनों एक-दूसरे की कितनी केयर किया करते हैं। सोहेल ने कहा कि वह सलमान की बहुत इज्जत करते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी सलमान कमरे में एंटर करते हैं, सोहेल हमेशा उनके सम्मान में उठकर खड़े हो जाया करते हैं।

### सोहेल ने हंसते हुए कहा- हम तीन बहनों की तरह हैं

अरबाज ने कहा कि वे तीनों बहुत क्लोज हैं जिसपर सोहेल ने हंसते हुए कहा- हम तीन बहनों की तरह हैं। बीच में अरहान मजाक करते हुए बोल पड़े - भाईजान नहीं, बहन जी। अरबाज ने कहा- सलमान और मैं भले ज्यादा बातें नहीं कर पाते, मिल नहीं पाते लेकिन जब उनको ये पता लगता है कि मैं प्रॉब्लम में हूं तो वह बिल्कुल नहीं हिचकिचाते, फिर चाहे वो मैं हूं या सोहेल या फिर कोई और। अरबाज ने ये भी कहा कि ये मदद हमेशा पैसों से जुड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा, मैं सलमान को फाइनैंशली हेल्प नहीं कर सकता क्योंकि उनके पास खुद बहुत है। लेकिन ऐसा नहीं कि आपको हमेशा इसी की जरूरत पड़े। आपको कई बार इमोशनल सपोर्ट की जरूरत पड़ती है, आपको किसी की जरूरत होती है। जब आप बुरे दौर से गुजर रहे हैं और आपके आसपास आपको सपोर्ट करने के लिए लोग हों तो समझिए कि आपने अपनी लाइफ में सच में लोग कमाए हैं। अगर आपके पास लोग हैं तो आप खुशनसीब हैं।



## मेट्रो बाजार

# चीन का आयात और निर्यात फिसला, पीछे रह गए आंकड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीन के आयात और निर्यात के आंकड़े मार्च महीने में अप्रत्याशित रूप में घट गए हैं। ये आंकड़े बाजार के के पूर्वानुमान के मुकाबले काफी कम रहे हैं। सीमा शुल्क विभाग की ओर से आयात-निर्यात के आंकड़े जारी किए गए हैं।आंकड़ों से पता चलता है कि चीन में आर्थिक सुधार को मजबूत करने की कोशिश में जुटे नीति निर्माताओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। चीन से बाहर जाने वाले शिपमेंट्स में पिछले महीने (मार्च में) एक साल पहले की तुलना में 7.5 फीसदी की गिरावट आई। यह पिछले साल अगस्त के बाद शिपमेंट्स में आई सबसे बड़ी गिरावट है और अर्थशास्त्रियों के 2.3 फीसदी की गिरावट के पूर्वानुमान की तुलना में बहुत अधिक है। इससे पहले जनवरी-फरवरी की अवधि में ये शिपमेंटस 7.1 फीसदी बढ़े थे। जोंस लैंग लासाल के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस पांग ने कहा,



विदेशी मुद्रा विनिमय से जुड़े व्यवधानों के अलावा, मार्च में निर्यात और आयात दोनों ही आंकड़ों का उम्मीद से अधिक कमजोर होगा यह संकेत देता है कि चीन को अपने महत्वाकांक्षी विकास लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिक व्यापक और लक्षित नीतिगत प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चीन के चीन के विदेशी व्यापार को पटरी पर लाकर फिर से विकास को ऊर्जा प्रदान करने में लंबा समय लग सकता है। आंकड़ों के अनुसार, पहली तिमाही में निर्यात में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नरम विदेशी मांग और सख्त वैश्विक मौद्रिक नीति के कारण देश के निर्यातकों को पिछले साल अधिकांश समय चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अमेरिका के फेडरल रिजर्व और अन्य विकसित देशों ने ब्याज दरों में कटौती करने की कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई है, इससे चीनी निर्माताओं के लिए फिलहाल चुनौतियां जारी रह सकती हैं। क्योंकि वे विदेशों में माल की बिक्री को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

# एनविडिया के बाद गूगल को मिला एआई से सपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की रेस पूरी दुनिया में दिलचस्प हो चुकी है. दुनिया की तमाम बड़ी कंपनियां एआई के मामले में सबसे आगे निकलने के लिए गला-काट प्रतिस्पर्धा से गुजर रही हैं. इस बदली हुई परिस्थिति के कारण शेयर बाजार की दुनिया के समीकरणों में भी बदलाव दिख रहा है. आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के रथ पर सवार होकर एनविडिया के शेयरों में आई हैरतअंगेज रैली का बाजार हाल ही में गवाह बना है. एआई ने एनविडिया को ऐसा बूस्ट दिया कि देखते-देखते उसने कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया. अभी एनविडिया एमकैप के मामले में गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट, फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा, अमेजन, टेस्ला आदि से काफी आगे निकल चुकी है. अब एआई से गूगल के शेयरों यानी उसकी पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के स्टॉक को पंख लग रहे हैं. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, निवेशक अल्फाबेट की एआई स्ट्रेटजी पर भरोसा दिखा रहे हैं, जिससे शुरुआती दौर में फिसलने के बाद कंपनी के शेयर मजबूत होने लगे हैं. रिपोर्ट में इस बात की उम्मीद जाहिर की गई है कि गूगल के शेयरों में जैसी रैली आ रही है, जल्द ही उसका मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर के पार निकल सकता है. अगर ऐसा होता है तो गूगल अमेरिकी बाजार समेत पूरी दुनिया की चौथी ऐसी कंपनी बन जाएगी, जिसकी बाजार वैल्यू 2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगी. अभी अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्टेड सिर्फ 3 ही ऐसी कंपनियां हैं, जिनका मार्केट कैप 2-2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है. सबसे ज्यादा 3.18 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ माइक्रोसॉफ्ट पहले स्थान पर है. दूसरे स्थान पर एप्पल है, जिसका मार्केट कैप अभी 2.70 ट्रिलियन डॉलर है. एनविडिया 2.26 ट्रिलियन डॉलर के एमकैप के साथ तीसरे स्थान पर है।

## रिमझिम बारिश का दौर




भोपाल। राजधानी में छह दिन से मौसम का मिजाज बदला दिख रहा है। पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती प्रवाह से बेमौसम बारिश ने गर्मी की छुट्टी कर दी। राजधानी भोपाल में कल रात जोरदार बारिश हुई।

# बबूल के पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित गायत्री नगर जंगल में बबूल के पेड़ पर युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रकाश मैना पिता ओमकार सिंह (35) 10 एकड़ झुग्गी, मिनाल रेसीडेंसी के पास रहता था। प्रकाश मिनाल रेसीडेंसी में सफाईकर्मी की नौकरी करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां है। पत्नी मजदूरी करती है। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे प्रकाश घर से काम पर जाने का कहकर निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास आशोका गार्डन पुलिस को सूचना मिली कि गायत्री नगर में जंगल में बबूल के पेड़ के पास लाश पड़ी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो पता चला कि प्रकाश ने बबूल के पेड पर फांसी लगाई थी। गुरुवार रात तेज हवा के साथ बारिश हुई और दुपट्टे की पेड़ पर बंधी गांठ खुल गई और शव नीचे गिर गया था। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### गिरफ्तार डकैतो ने छकाया, छिंदवाड़ा पहुंची पुलिस तो हुए फरार, तीन अभी बेसुराग

# पुलिस के ऑपरेशन की भनक मिल रही है डकैतों को?

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा के पॉश बी सेक्टर इलाके में ज्ञानेन्द्र सिंह परिहार के घर डकैती मामले में पुलिस पांच दिन बाद भी सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। आशंका है कि पुलिस के 'ऑपरेशन' की भनक फरार आरोपियों को लग रही है और वे ठिकाना बदल रहे हैं। हाल में डाका डालकर फरार हुए दो बदमाशों को चूनाभट्टी पुलिस ने मंडीदीप से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने हिस्से में आया कुछ पैसा मंडीदीप में रखकर छिंदवाड़ा भाग निकले थे। उनका पीछा करते हुए पुलिस जब छिंदवाड़ा पहुंची तो आरोपी फिर से मंडीदीप आ गए। इस बीच मुखबिर से जब पता चला कि डकैती में फरार आरोपी मंडीदीप में छिपे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। चूनाभट्टी पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी आरोपियों की पहचान मंडीदीप निवासी 22 वर्षीय ओमप्रकाश वामने उर्फ शूटर, 24 साल के संदीप मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के पास से करीब पौने पांच लाख रुपए बरामद किए हैं। बाकि सवा पांच लाख रुपए की रकम आरोपियों ने यहां वहां खर्च कर दी। पुलिस डकैती के मामले में 24 वर्षीय लक्ष्मण सिंह कीर, संतोष नगर मंडीदीप निवासी 24 साल के अमित राठौर, किंग पार्क सिटी शिवालिक ब्लाक मंडीदीप निवासी 31 साल के संतोष कुमार जांगड़े, राम नगर मंडीदीप निवासी सोनू अहिरवार उर्फ बंलबंत समेत लक्ष्मण के नाबालिग भतीजे को गिरफ्तार कर चुकी है। उन्हें 14 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। जबकि, नाबालिग को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया है। अभी मामले में तीन आरोपी फरार हैं।



### लूट की रकम का बंटवारा कर भागे

चूनाभट्टी थाना प्रभारी भूपेन्द्र कौर सिद्धू ने बताया कि पकड़े गए डकैत डकैती करने के बाद बाइक से मंडीदीप की तरफ भागे। उन्हें इस बीच पता चल गया कि उनके साथी अमित को पुलिस ने पकड़ लिया है। ऐसे में आरोपी मंडीदीप पहुंचकर लूटी गई रकम का बंटवारा किया। इसके बाद रकम को घर में छिपाकर छिंदवाड़ा भाग गए। खर्च के लिए पैसा लिया हुआ था। मोबाइल का उपयोग आरोपी नहीं करते थे। नाबालिग को बड़ी रकम देने का लालच दिया था। ऐसे में जब यह लोग लूट करने डाक्टर के घर पहुंचे तो नाबालिग ने ही दरवाजा खोला। अन्य 3 डकैतों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही पुलिस दोनों गिरफ्तार डकैतों को रायसेन लेकर पहुंची थी, वहां फरार डकैतों की लोकेशन मिली थी। लेकिन सफलता नहीं मिली।

### यह था मामला

पुलिस के मुताबिक धर्मेन्द्र परिहार- 234 बी सेक्टर शाहपुरा थाना क्षेत्रचूनाभट्टी में रहने वाले ज्ञानेन्द्र सिंह के घर पर अपनी पत्नी सुमन के साथ नौकरी करता हैं। उन्होंने बताया था कि सोमवार को ज्ञानेन्द्र सिंह परिहार की बेटी प्रियंल सिंह का बर्थडे था। रात साढे 9 बजे ज्ञानेन्द्र अपनी पत्नि सविता सिंह, बेटी डॉ अंशुल, बेटी प्रियंल के साथ बर्थडे पार्टी मनाने होटल जहांनुमा चले गए डाक्टर के जाने के करीब आधा घंटे बाद 5-6 लोग गेट खोलकर अंदर आ गये। उन्होंने मारपीट कर करीब 50 लाख रुपए कैश, 20 लाख कीमती जेवर लूटकर फरार हो गए।

# निगरानी बदमाश से देशी कट्टा कारतूस बरामद



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर पुलिस ने निगरानी बदमाश शुभम जाटव उर्फ सोनू शूटर को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी कमला नगर, टीटी नगर का निगरानी बदमाश हैं और राजधानी के अन्य थानों समेत उस पर कुल 17 अपराध है। एसआई अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके का निगरानी बदमाश शुभम जाटव उर्फ सोनू शूटर पिता रामप्रकाश जाटव (27) निवासी कमला नगर, टीटी नगर बसड़स्टाप पर खड़ा है। शुक्रवार दोपहर मिली सूचना के आधार पर पुलिस बस स्टाप पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए आरोपी को दबोच लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने कट्टा और कारतूस बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस की गाड़ी देख कार में बैठकर शराब पी रहे युवकों ने भागने की कोशिश में ई-रिक्शे को मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। हबीबगंज स्थित बिट्टन मार्केट चौराहे के पास कार में बैठकर शराब पी रहे युवकों ने पुलिस की गाड़ी देख भागने का प्रयास किया। इस दौरान कार रिवर्स करते समय पीछे से आ रहे ई-रिक्शे को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा पलट गया। इस हादसे में रिक्शे में बैठी महिला समेत करीब तीन लोगों को चोट आई है। थाना प्रभारी ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया और युवकों को पकड़कर थाने ले गई। सभी के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने, एक्सीडेंट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया जा रहा है।**

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सरिता बर्मन देर शाम इलाके की रूटीन पेट्रोलिंग पर निकली थी। रात करीब नौ बजे वह बिट्टन मार्केट चौराहे पर के पास पहुंची। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक आई-20 कार में सवार युवकों ने पुलिस की गाड़ी देख भागने का प्रयास किया। भागने के लिए कार चालक ने तेजी के साथ रिवर्स लिया और पीछे से आ रहे ई-रिक्शे को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें बैठी सवारियों को चोट आई। टीआई बर्मन ने तत्काल ही घायलों को लिए अस्पताल भिजवाया। इधर पुलिस ने जब कार और उसमें सवार युवकों को घेर लिया तो उन्होंने दोबारा से भागने का प्रयास किया। इस दौरान कार रोकने का प्रयास कर रहा एक आरक्षक बाल-बाल बच गया, अन्यथा वह कार की चपेट में आ जाता। हालांकि पुलिस ने कार सवार पांचों युवकों को दबोच लिया। यह सभी कार में बैठकर शराब पी रहे थे। उनके खिलाफ एक्सीडेंट करने, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने और शासकीय आदेशों के उल्लंघन समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया जा रहा है।




## बीसीसीएल की बस से उतरते समय गिरे बुजुर्ग की मौत



मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित भारत टाकिज के पास शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास बीसीसीएल की बस से उतरते समय एक बुजुर्ग गिर गए। गिरने के बाद वह बस के साथ घिसटाए थे और घबरा गए। उन्हें किसी पानी पिलाया तो उनकी हालात और बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचाने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। पुलिस को मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस के अनुसार रूट नंबर 16 की बीसीसीएल की बस में एक बुजुर्ग बागसेवनिया से सवार हुए थे। बस भारत टाकीज पहुंची और रुकने लगे। इसी बीच जल्दबाजी में पीछे वाले गेट से बुजुर्ग ने नीचे उतरने का प्रयास किया और वह गिर गए। गिरने के बाद वह बस के साथ थोड़ी दूर घिसटे थे। यात्रियों ने शोर मचाया तो बस के ड्राइवर ने बस रोकी और इसी बीच किसी ने उन्हें पानी पिला दिया। पानी पीते ही उन्हें घटराहट हुई और वे बेसुध हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उनकी शिनाख्त की जा सके। बुजुर्ग सफेद और नीले रंग की शर्ट और मटमैला पेंट पहने हुए है। उनके दाहिने पैर लकवाग्रस्त है।

**मेट्रो एंकर** — बैरसिया पुलिस ने लोडेड कट्टे के साथ किया गिरफ्तार

# लूटपाट और बलात्कार समेत संगीन अपराधों में फरार 40 हजार रुपए का इनामी गिरफ्तार

### चार सालों से तलाश कर रही थी देहात पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया पुलिस ने लूटपाट और बलात्कार जैसे संगीन अपराधों में फरार 40 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसे कट्टे के साथ तारावली जोड़ के पास से पकड़ा गया है। देहात जिले के विभिन्न थानों की पुलिस पिछले चार साल से उसकी तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन बदमाश हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो जाता था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार की शाम को मुखबिर से सूचना मिली कि संगीन अपराधों में फरार कुख्यात बदमाश गब्बर गुर्जर (27) निवासी बैरसिया को तरावली जोड़ के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तुरंत ही मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की। बदमाश ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुश्तैदी के साथ तैनात रही पुलिस ने इस बार उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर बदमाश के पास से एक कट्टा और कारतूस रखा मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। बदमाश पिछले करीब चार साल से फरार चल रहा थी। उसकी गिरफ्तारी पर एसपी देहात ने 10 हजार रुपए और आईजी देहात ने 30 हजार रुपये समेत कुल 40 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।




**बदमाश इन अपराधों में चल रहा था फरार:** बदमाश गब्बर गुर्जर के खिलाफ वर्ष 2022 में बैरसिया थाने में बलात्कार का केस दर्ज हुआ था। इसी प्रकार सूखी सेवनिया इलाके में उसने एक नाबालिग का अपहरण कर कई महीनों तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था। दोनों ही मामलों में आरोपी फरार चल रहा था। नजीराबाद में वर्ष 2022 में बदमाश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक गल्ला व्यापारी से 70 हजार रुपए नकद और बाइक की लूटपाट की थी। बैरसिया थाने में वर्ष 2022 और 2023 में मवेशी और मोटर सायकिल चोरी तथा थाना ईटखेड़ी में चार पहिया वाहन चोरी करने का केस दर्ज था।

**आरजीपीवी वित्तीय घोटाला**

# पूर्व कुलपति न्यायिक हिरासत में, वित्त नियंत्रक की अग्रिम जमानत खारिज

### एफआईआर के 38 दिन बाद रायपुर से हुए हैं गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 19.48 करोड़ रुपए के एफडीआर घोटाले में छग के रायपुर से गिरफ्तार आरजीपीवी के पूर्व कुलपति सुनील कुमार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं पूर्व वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा की अग्रिम जमानत कोर्ट ने खारिज कर दी है। पेशी के दौरान पूर्व कुलपति सुनील कुमार के साथ आठ अधिवक्ताओं की टीम पहुंची, उन्होंने कोर्ट को कहा कि सुनील कुमार बीमार हैं। पुलिस ने जवाब दिया गया कि उन्हे किसी प्रकार की बीमारी नहीं है। वह शुगर की टेबलेट खाते हैं और पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। पुलिस ने रिमांड मांगा था, हालांकि कोर्ट ने उन्हे 14 दिन न्यायिक हिरासत में भेजा है। **रजिस्ट्रार, वित्त नियंत्रक फरार, इनकी हुई गिरफ्तारी:** मामले के मुख्य आरोपी पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. आरएस राजपूत और वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस और 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। सूत्र बताते हैं कि इनाम की यह राशि बढ़ाई जा सकती है।

**यह है पूरा मामला:** गांधी नगर पुलिस ने 3 मार्च को इस मामले में तत्कालीन कुलपति, रजिस्ट्रार एवं वित्त नियंत्रक सहित 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। सभी पर करीब 19.48 करो? रुपए से ज्यादा के लेन-देन का आरोप था। एफआईआर के 38 दिन बाद कुलपति प्रो. सुनील कुमार गुप्ता को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया था। विवि के खाते से 19.48 करो? रुपये कुलपति प्रो. गुप्ता के हस्ताक्षर से निजी खाते में स्थानांतरण हुए। फरवरी में एफडी घोटाला सामने आने के बाद ही कुलपति प्रो. गुप्ता छुट्टी पर चले गए। छह मार्च को छुट्टी से लौटे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022